दैनिक
टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
# बढ़ता राजस्थान
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 11 | अंक : 282 टोंक | गुरुवार,27 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# बिरला बने लगातार दूसरी बार स्पीकर

## दाऊ दयाल जोशी के बाद पहले नेता जो लगातार 6 चुनाव जीते, लोकसभा में बनाए रिकॉर्ड

## पहले भाषण में इमरजेंसी की निंदा की



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला ने एक बार फिर आसन संभाल लिया है। उन्होंने बलराम जाखड़ के बराबर रिकॉर्ड बना लिया है। ओम बिरला का राजनीतिक सफर छात्रसंघ चुनाव से शुरू हुआ था जो कि लोकसभा अध्यक्ष तक पहुंचा है। एक बार छात्रसंघ अध्यक्ष हारने के बाद बिरला ने दूसरा कोई चुनाव नहीं हारा।

वह हाड़ौती के दूसरे ऐसे नेता हैं जो लगातार सक्रिय राजनीति में 6 चुनाव लड़े और जीत हासिल की। कोटा के इतिहास में वैद्य दाऊदयाल जोशी के बाद लगातार तीन विधान सभा और तीन लोक सभा चुनाव जीतने वाले पहले जनप्रतिनिधि ओम बिरला हैं। जोशी दीगोद विधानसभा सीट से 1977, 80 व 1985 तक लगातार तीन बार विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। इसके बाद वे 1989, 1991 व 1996 में लगातार तीन बार कोटा लोकसभा से सांसद निर्वाचित हुए।

स्पीकर चुने जाने के बाद ओम बिरला ने सदन में इमरजेंसी की निंदा की। उन्होंने कहा- इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का अपमान किया था। स्पीकर के प्रस्ताव रखते ही पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला इमरजेंसी के दौरान जान गंवाने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं। मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। अब गुरुवार को संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।

### मोदी और राहुल ने आसन पर बिठाया

इससे पहले एनडीए उम्मीदवार ओम बिरला बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा के स्पीकर चुने गए। पीएम नरेंद्र मोदी और सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उन्हें आसंदी तक छोड़ने आए। विपक्ष ने मतदान की मांग की थी। उनके उम्मीदवार के. सुरेश थे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने यह मांग खारिज कर दी।

### किसने क्या कहा

पीएम नरेन्द्र मोदी ने बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा- ओम बिरला का अनुभव देश के काम आएगा। राहुल गांधी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज नहीं दबाई जाएगी। न ही निष्कासन जैसी कार्रवाई की जाएगी। आपका अंकुश विपक्ष पर तो रहता है, सत्ता पर भी रहे। आपके इशारे पर सदन चलता है, इसका उल्टा न हो।

### पीएम ने शिक्षा मंत्री का नाम लिया तो विपक्ष ने नारे लगाए

मंत्रिमंडल के परिचय के दौरान जैसे ही पीएम मोदी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम लिया, विपक्ष के सांसदों ने शेम-शेम के नारे लगाए।

### हमें उम्मीद है कि आप विपक्ष की आवाज दबने नहीं देंगे: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने ओम बिरला को दोबारा स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। कहा- यह हाउस देश की जनता की आवाज है। सरकार के पास राजनीतिक ताकत है। लेकिन विपक्ष भी जनता की आवाज है। यह जरूरी है कि जनता के बीच विश्वास बना रहे। मुझे विश्वास है कि आप हमें अपनी आवाज उठाने का मौका देंगे। सवाल यह है कि जनता की कितनी आवाज को यहां मौका मिलता है।

### नियम टूटते हैं तो कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं

स्पीकर ने कहा कि गतिरोध सदन की परंपरा नहीं है। बेल में आना सदन की परंपरा नहीं है। मैं कभी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं चाहता, लेकिन जब नियम तोड़े जाते हैं तो कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। विरोध को संसदीय मर्यादा के तहत दर्ज कराएं। हमारी युवा पीढ़ी संविधान को जाने, संविधान को समझे। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं। सभी पक्षों के विचार यहां आनी चाहिए। हम अलग-अलग विचारधारा से चुनकर आते हैं, लेकिन देश सबसे पहले हैं। जिन मुद्दों पर असहमति होगी, आप उसे व्यक्त करेंगे। आप चर्चा में सुझाव भी देंगे। पक्ष और विपक्ष मिलकर सदन चलता है। मेरी कोशिश रहेगी कि सबसे मिलकर सदन चलाऊं। किसी दल का एक सदस्य भी हो, तो उसे मौका दूं। क्योंकि वह भी चुनकर आए हैं। मेरी अपेक्षा रहेगी कि आप सब निर्वाध रूप से सदन चलाएंगे।

# राहुल होंगे नेता विपक्ष

## पहली बार संवैधानिक पद संभालेंगे; राजीव-सोनिया के बाद इस पोजिशन पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता होंगे। पार्टी ने मंगलवार (25 जून) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। इसके बाद कांग्रेस संसदीय बोर्ड की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि माहताब को इस संदर्भ में पत्र लिखा। राहुल अपने 20 साल के पॉलिटिकल करियर में पहली बार कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। वे इस पद पर रहने वाले गांधी परिवार के तीसरे सदस्य होंगे। इससे पहले उनके पिता और पूर्व पीएम राजीव गांधी 1989-90 और मां सोनिया 1999 से 2004 तक इस पद पर रह चुकी हैं।

### 10 साल से खाली था नेता प्रतिपक्ष का पद

लोकसभा में 10 साल से नेता प्रतिपक्ष का पद खाली था। 2014 और 2019 में किसी विपक्षी दल के पास इसके लिए जरूरी न्यूनतम 10% सदस्य नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष पद के लिए दावा पेश करने के लिए किसी भी पार्टी को कुल 543 में से 55 सदस्यों का आंकड़ा पार करना होता है। 2024 के चुनाव में कांग्रेस 99 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी है। भाजपा की 240 और एनडीए की 293 सीटों के मुकाबले इंडिया गठबंधन 232 सीटें जीतने में कामयाब रही। इससे पहले 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ 52 सीटें जीती थीं। 2014 के चुनाव में पार्टी सिर्फ 44 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी।

### नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल को कई शक्तियां और अधिकार

नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल को कई शक्तियां और अधिकार मिल जाएंगे। वे प्रधानमंत्री के साथ चीफ इलेक्शन कमिश्नर सहित चुनाव आयोग के दो अन्य सदस्यों की नियुक्ति का चयन करने वाले प्रमुख पैनल का हिस्सा होंगे। इसके अलावा राहुल लोकपाल, ईडी-सीबीआई डायरेक्टर, सेंट्रल विजिलेंस कमिश्नर, सेंट्रल इन्फॉर्मेशन कमिश्नर, ह।ाष्ट्र प्रमुख को चुनने वाले समितियों के भी सदस्य होंगे। प्रधानमंत्री इन समितियों के अध्यक्ष होते हैं। ऐसा पहली बार ऐसा होगा, जब इन पदों पर नियुक्ति के फैसलों में प्रधानमंत्री मोदी को राहुल गांधी से सहमति लेनी होगी। राहुल भारत सरकार के खर्चों की जांच (ऑडिटिंग) करने वाली लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भी होंगे। वो सरकार के कामकाज की लगातार समीक्षा भी करेंगे। राहुल दूसरे देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को भी राष्ट्रीय मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण देने के लिए भारत बुला सकते हैं।

# केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड

## रोजाना 30-30 मिनट पत्नी और वकील से मिल सकेंगे; दवाएं रखने और घर के खाने की इजाजत



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया है। कोर्ट ने उन्हें इजाजत दी है कि वे रोजाना अपनी पत्नी से और तीस मिनट अपने वकील से मिल सकेंगे। इसके साथ उन्हें अपनी दवाएं रख सकेंगे और उनके लिए घर का खाना आ सकेगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर 5 दिन की कस्टडी मांगी। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। अगली सुनवाई 29 जून को होगी। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है।

मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सुनवाई के दौरान ही कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी।

# भारत ने कश्मीर मुद्दे पर यूएन में पाकिस्तान को दिया करारा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )** भारत और पाकिस्तान के बीच काफी समय से तनाव चल रहा है और इस तनाव का एक कारण कश्मीर मुद्दा भी है। पाकिस्तान समय-समय पर कश्मीर का राग अलापता रहता है। यूएन प्लेटफॉर्म्स पर भी पाकिस्तान कश्मीर मुद्दा ही उठाता रहता है, भले ही चर्चा का विषय कुछ और ही क्यों न हो। पाकिस्तान को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म्स पर भारत पर निशाना साधने के लिए कश्मीर मुद्दा उठाने का बहाना चाहिए। एक बार फिर पाकिस्तान ने ऐसा ही किया, लेकिन उसे ऐसा करने पर भारत ने करारा जवाब दिया।



### भारत का पाकिस्तान पर पलटवार

कश्मीर मुद्दे पर हाल ही में भारत ने यूएनजीसी में पाकिस्तान पर पलटवार कर दिया है। मंगलवार को पाकिस्तान के प्रतिनिधि मंडल के यूएनजीसी डिबेट में कश्मीर मुद्दा उठाने पर यूएन में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने बिना पाकिस्तान का नाम लिए करारा जवाब देते हुए कहा, आज कुछ देर पहले एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल) ने इस मंच का दुरुपयोग करते हुए निराधार और कपटपूर्ण बयानबाजी की, जो कोई हैरानी की बात नहीं है। मैं इस प्रतिष्ठित संस्था का बहुमूल्य समय बचाने के लिए इन निराधार और कपटपूर्ण टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा।

# नीट गड़बड़ी पर लीपापोती कर रही सरकार : पायलट

## राजस्थान सरकार बिजली, पानी देने में नाकाम

## एनडीए सरकार एजेंसियों का मिस यूज बंद करे, जनता ने यही मैसेज दिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि नीट धांधली देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। नीट पेपर लीक औ परीक्षा विवादित होने के कारण लाखों करोड़ों नौजवानों को सदमा लगा है। परीक्षा की प्रणाली पर नौजवानों में जो विश्वास है उस पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। केंद्र सरकार ने जिस तरह से शुरू में अड़ियल रवैया अपनाया था, उन्हें अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी, लेकिन अभी तक जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। जिस तरह से लीपा पोती कर बचाव करने का काम हो रहा यह शोभा नहीं देता है। पायलट बुधवार को जयपुर में सरकारी बंगले पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने कहा- नीट और बाकी परीक्षाओं को जो कैंसिल किया गया है यह प्रतीक है कि यह सिस्टमैटिक फेलियर है। 10 साल से सरकार सत्ता में रही भाषण दिए युवाओं के नाम पर वोट भी लिया,परीक्षा पर चर्चा, चाय पर चर्चा चलाई लेकिन युवाओं का जो विश्वा डगमगाया है,उसको बनाए रखना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।



### राजस्थान में सरकार बिजली, पानी देने में नाकाम

पायलट बोले कि राजस्थान के जो हाल बने हुए हैं वो ठीक नहीं है। बिजली पानी के जो हालात हमें दिखते हैं, मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में सरकार नाकामयाब है। उपचुनाव मजबूती से लड़ेंगे । कोटा में जिस तरह कार्रवाई हुई है, कांग्रेस ने अनुमति लेने के बाद अपना आंदोलन किया, बिजली पानी के लिए आंदोलन था, बजाय इसके की जनता को राहत दें बल्कि नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष पर कार्रवाई करना यह गलत है। हमने जो बात रखी उसे पर संज्ञान लेकर सरकार को सुविधा देने का काम करना चाहिए। बिजली पानी की सुविधा देने की जगह सरकार विपक्षियों पर कार्रवाई करें। राजस्थान में कभी ऐसा माहौल नहीं रहा और यह होना भी नहीं चाहिए। सरकार का जो काम करने का तरीका है उसे पर सवालिया निशान लगता है।

### एनडीए सरकार एजेंसियों का मिस यूज बंद करे, जनता ने यही मैसेज दिया

पायलट ने कहा हा केजरीवाल पर कोर्ट की करवाई है लेकिन सब समझ से परे है। एनडीए सरकार ने जो दमनकारी नीतियां अपनाई थी। पिछली सरकार में शायद ही कोई एजेंसी थी जिसका दुरुपयोग नहीं हुआ। इसी वजह से सरकार को जनता ने आइना दिखाया कि बेवजह विपक्ष को ना दबाएं। सरकार का बनना अलग बात है लेकिन सरकार की ताकत का जो मिस यूज किया गया, उस पर अब अंकुश लगाना चाहिए, जनता ने यही संदेश दिया है।

# अयोध्या राम मंदिर के अधिकारी ने कहा- छत से कोई रिसाव नहीं हुआ, पानी तारों के लिए लगाए गए पाइप से आया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को मंदिर के मुख्य पुजारी के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने गर्भगृह से निकलने वाले वर्षा जल के रिसाव के बारे में बताया था। मिश्रा ने कहा, पानी का कोई रिसाव नहीं हुआ था, बल्कि बिजली के तार लगाने के लिए लगाए गए पाइप से बारिश का पानी नीचे आया था। उन्होंने कहा, मैंने खुद मंदिर के निर्माण का निरीक्षण किया है। दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा है। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, जब दूसरी मंजिल की छत का निर्माण हो जाएगा, तब मंदिर में बारिश का पानी घुसना बंद हो जाएगा। मंदिर निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने सोमवार को आरोप लगाया था कि शनिवार आधी रात को हुई बारिश के बाद मंदिर परिसर से बारिश के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी और मंदिर के अधिकारियों से आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया था।



## सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और फैसले में लेटलतीफी से रिश्वतखोरी बेफ्रिक

देश और प्रदेश में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार इस तरह से अपनी जगह बना चुके हैं, जैसे शरीर में खून। ऊपर से सरकारी तंत्र की भ्रष्टाचार पर कार्रवाई और फैसलों में देरी रिश्वतखोरियों को बेफ्रिक कर रही है। इसकी नजीर ये है कि 24 साल पहले जलदाय विभाग में सामान खरीद में हुए लाखों रुपए के घोटाले में तीन अधिकारी व दो ठेकेदारों को अब तीन-तीन की सजा सुनाई गई है। 30 रुपए का जुर्माना लगाया है। इस मामले में स्टोर कीपर को बरी कर दिया।

मामला अलवर जिले का है। दरअसल वर्ष 2000 में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग में समान की खरीद में लाखों रुपए का घोटाला हुआ था। मामले में न्यायाधीश अरूण कुमार बेरीवाल ने जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता शिवनारायण पोटर पुत्र चुन्नीलाल निवासी इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर, हरलाल पुत्र हरदानसिंह विकास नगर मथुरा गेट, भरतपुर, गिर्राज प्रसाद पुत्र बिहारी लाल169 साउथ वेस्ट ब्लॉक अलवर तथा ठेकेदार अभिषेक शर्मा पुत्र गोपाल नारायण शर्मा कम्पनी बाग के पास अलवर तथा अतुल पुत्र बदरी प्रसाद राजेन्द्र नगर दिल्ली को भ्रष्टाचार की धारा 13, 1 डी 1 में तीन साल की सजा व 20 हजार रुपए का जुर्माने के आदेश सुनाया है।

धारा 120बी में तीन साल की सजा व 10 रुपए के दण्ड से दण्डित किया गया है। जबकि स्टोर कीपर सतीश अग्रवाल को दोषी नहीं माना। ये सभी अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं। सवाल ये है कि सभी अधिकारी भ्रष्टाचार के बाद भी अपनी नौकरी पूरी करके घर चले गए। अब फैसला आया है। इसका मतलब साफ है कि सिस्टम में बड़ी खामी है और खामी को दुरुस्त करने की बहुत जरूरत है। भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसके लिए इलाज के लिए भी फास्ट ट्रैक अदालतों की आवश्यकता है। लेकिन इस तरह के मामलों को न तो सरकार गंभीरता से लेती है और कोर्ट के पास तो वैसे ही समय बहुत कम है और केस अधिक है।

एसीबी के मामलों में सबसे बड़ी ढील तो विभाग के स्तर पर होती है। जब भी अधिकारी कर्मचारी पकड़े जाते हैं तो एसीबी अपनी जांच पूरी करके संबंधित विभाग से अभियोजन स्वीकृति के लिए फाइल भेजती है। ताज्जुब की बात ये है कि अभियोजन स्वीकृतियों में ही बड़ा टाइम लग जाता है। अधिकांश मामलों तो विभाग अभियोजन स्वीकृतियां ही नहीं देता। वहां भी भ्रष्टाचार का आलम है। मांडवाली चलती है। भ्रष्टाचारी ने कमाई रकम का हिस्सा दे दिया तो मामला रफा दफा और नहीं दिया तो फिर अभियोजन स्वीकृति का रास्ता तो है ही। इसके बाद मामला अदालत में जाता है और फिर वहां मुकदमों के ढेर में न जाने कब उसका फैसला आता है।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरुआत सही दिशा में

**स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी।**

ललित गर्ग



ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है।

ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। नेता और नायक किसी कारखाने में पैदा करने की चीज नहीं हैं, उनकी काबिलीयत और चरित्र को गढ़ने का काम भी लोकसभा ही करती है। संविधान की शब्दधाराओं को ही नहीं उसकी भावना को महत्व देने के गुणों का विकास भी यहीं से होता है।

बोलने की आजादी का सदुपयोग करना भी यही पर सिखाया जाता है। नये अध्यक्ष लोकसभा को प्रशिक्षण की प्रयोगशाला बनाये। नई लोकसभा अपने भीतर ऐसे परिवेश को जन्म दे, जो स्वयं आगे आकर नवनिर्माण करें, दायित्व की बागडोर थामे और सुधार, स्वस्थता एवं विकास का कार्य शुरू करें। लोकसभा बड़े आदर्शों की अपेक्षा एक छोटा-सा सवाल अपने आपसे करने की कोशिश कर रही है कि नयी लोकसभा की अगवानी में अलविदा किसे कहे? अतीत के उन घटना-प्रसंगों को अलविदा कहें जिनकी वजह से लोकसभा के सपने एवं संकल्प अधूरे रहे और उसकी गरिमा धूमिल होती रही है। शुरुआत तो अच्छी हो रही है देखिये आगे क्या होता है? इतना तो है ही कि इस बार सभी पक्षों से बेहतर समझदारी और परिपक्वता की अपेक्षा रहेगी।

## शख्सियत

नमस्कार आज के शख्सियत कॉलम के हमारे हीरो हैं भारतीय प्रशाासनिक सेवा के अधिकारी आईएएस आशीष मोदी जी। सन 1987 में मुम्बई में जन्में आशीष मोदी का बचपन से ही कुछ कर गुजरने का सपना था। ऐसे में बी.टेक( इलेक्ट्रॉनिक) की पढ़ाई करने के बाद सिविल सर्विस में अपना भाज्य आजमाया और सन 2014 में सपने का साकार कर गुजरे। सबसे पहले एलबीएसएनएएए मसूरी में प्रशिक्षण के तहत के बाद ये सहायक कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन, दीमापुर रहे। इसके बाद सहायक, कलेक्टर एवं कार्यकारी मजिस्ट्रेट प्रशिक्षणाधीन, जयपुर उसके बाद सहायक सचिव, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली रहे। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा लगाया गया। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, राजगढ़ अलवर में सेवाए दी। संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य स्वास्थ्य आश्वासन एजेंसी, जयपुर रहे। संयुक्त सचिव, कार्मिक विभाग,राजस्थान, जयपुर लगाए गए। उसके बाद सरकार ने इन्हे जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर लगाया जहां इन्होंने बहुत बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद लम्बे समय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भीलवाड़ा रहे। अब निदेशक हैं माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर के और पद को सुशोभित कर रहे हैं। मोदी जी बहुत ही सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी हैं ये जब भीलवाड़ा डीएम रहे तो वहां की जनता से इन्हे बहुत प्रेम मिला। इसके साथ ही जब ये जनसुनवाई करते तो परिवादी और पिड़ितों को अंतिम छोर तक सुनते और उनकी परिवेदनाओं का निस्तारण करते। अलवर राजगढ़ एसडीएम रहते हुए इन्होंने ग्रामीण विकास के अनेकों कार्यक्रम माताश्री गोमती देवी जनसेवा निधि के साथ संचालित करते हुए ग्रामीण विकास में बेहद शानदार भूमिका निभाई थी। आज



आशीष मोदी
(आईएएस)

भी ग्रामीण इन्हे याद करते हैं। अधिकारी का आमजन के प्रति अविच्ल व निश्छिल व्यवहार की उनके व्यक्तित्व का निर्माण करता है। आज जीवन भर ऐसे ही सरल और सरस बने रहें। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 27 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- कनाडाई संसद ने 1946 में कनाडाई नागरिकता अधिनियम में कनाडाई नागरिकता को परिभाषित किया।
- संयुक्त राष्ट्रसंघ सुरक्षा परिषद् का प्रस्ताव 1950 में अपनाया गया।
- ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 1957 में एक रिपोर्ट जारी की जिसमें बताया गया कि धूम्रपान की वजह से फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। ये रिपोर्ट 25 साल के शोध पर आधारित थी।
- जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर 2002 में सहमत।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में समलैंगिकता पर 2003 में प्रतिबंध रद्द।
- अमेरिका और यूरोपीय संघ ने 2004 में जी.पी.एस. गैलेलियो के विकास में सहयोग से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन ने 2005 में भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया।
- गुयेन मिन्ह ट्रयेट वियतनाम के राष्ट्रपति 2006 में चुने गये।
- जेम्स गार्डन ब्राउन ने 2007 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पद संभाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने महारानी एलिजाबेथ को अपना त्याग पत्र सौंपा।
- भारत व पाकिस्तान ने 2008 में ईरान से आने वाली गैस पाइप लाइन परियोजना को चालू करने के लिए आ रही रुकावटों को हल किया।
- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष आसिफ़ अली 2008 में जरदारी छः दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में तुर्की रवाना हुए।
- भारत के फ़िल्म इतिहास में अपना एक ख़ास मुकाम रखने वाले सत्यजित राय की तस्वीर को संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में अपने मुख्यालय में प्रदर्शित करने का फैसला किया।

### 27 जून को जन्मे व्यक्ति

- राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म 1838 में हुआ।
- जर्मनी के मशहूर गर्भविज्ञानी हैंस स्पेमैन का जन्म 1869 में हुआ था।
- तमिल भाषा के साहित्यकार अकिलन का जन्म 1922 में हुआ।
- हिन्दी फ़िल्मों के संगीतकार राहुल देव बर्मन का जन्म 1939 में हुआ।
- भारतीय पत्रकार पूर्णिमा वर्मन का जन्म 1955 में हुआ।
- उड़नपरी के नाम से दुनियाभर में पहचान बनाने वाली पी.टी.ऊषा का जन्म 1964 में हुआ था।
- अंगरेज क्रिकेट खिलाड़ी केविन पीटरसन का जन्म 1980 में हुआ।
- रूस की महिला टेनिस खिलाड़ी स्वेतलाना कुज़्नेतसोवा का जन्म 1985 में हुआ।

### 27 जून को हुए निधन

- 'भारतीय इतिहास' में प्रसिद्ध सिक्खों के महाराजा रणजीत सिंह का निधन 1839 में हुआ।
- भारतीय सेना के भूतपूर्व अध्यक्ष सैम मानेकशॉ का निधन 2008 में हुआ।

## विशेष आलेख

# कोलकाता : कभी इंडस्ट्री लगाने की होड़ थी अब बंद कर जाने की होड़ है

रामस्वरूप रावतसरे

कलकत्ता (अब कोलकाता) शहर अंग्रेजों ने 1690 में बसाया था। तब कोलकाता में केवल छोटे-छोटे गांव थे। उस समय मुर्शिदाबाद ज्यादा बड़ा शहर हुआ करता था। लेकिन जब ईस्ट इंडिया कंपनी बंगाल में आई तो कोलकाता का रंग बदलने लगा। ईस्ट इंडिया कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी जॉब चारनॉक ने हुगली शहर से 24 किमी दूर सूतानाटी में एक कारखाना स्थापित किया। तब तक डच (नीदरलैंड्स) और फ्रांसीसी भी आसपास आपने व्यापार केंद्र खोल चुके थे। सूतानाटी में कारखाना स्थापित करने के बाद अंग्रेजों ने न केवल सूतानाटी बल्कि कालीकाता और गोविंदपुरी के जमींदारी अधिकार खरीद लिए थे। इन तीनों गांवों का नक्शा बदलने लगा। इनको सामूहिक तौर पर कलकत्ता कहा जाने लगा था। 1700 में कोलकाता बंगाल प्रेसीडेंसी की राजधानी बन गया। कोलकाता वो शहर था, जहां अंग्रेजों के बड़े-बड़े जहाज लगे होते थे. ये व्यापार का बड़ा केंद्र बन गया। हजारों टन माल आने और जाने लगा। समुद्र में फोर्ट विलियम के सामने अंग्रेजों के जहाज लंगर डाले रहते थे। मुगल सम्राट अकबर के समय में ही अंग्रेजों ने भारत से व्यापारिक संबंध स्थापित कर लिए थे। इसी दौरान अंग्रेजों ने तत्कालीन मुगल बादशाह फर्रुखसियर से बंगाल में चुंगी का अधिकार हासिल कर लिया। इसके बाद तो कोलकाता का वैभव और बढ़ने लगा। लोग अब रोजगार की तलाश में यहां आने लगे। 1735 में यहां की आबादी एक लाख हो गई जो उस समय के लिहाज से बहुत बड़ी बात थी। उस समय शायद ही देश में कोई शहर इतना बड़ा था। समय के साथ जब अंग्रेज भारत में और मजबूत हुए तो कोलकाता व्यापार के साथ सत्ता का भी केंद्र बन गया। वारेन हैस्टिंग्स को 1773 में बंगाल का गर्वनर बना दिया गया। इस तरह कोलकाता पूरे अंग्रेजी साम्राज्य की राजधानी बन गया। उसके बाद तकरीबन सारी बड़ी कंपनियां यहां फैक्ट्रियां और आफिस खोलने लगीं चाहे वो देशी हो विदेशी। एक तरह से यह शहर भारत की व्यवसायिक राजधानी बन गया।

कोलकाता या बंगाल में कंपनियां और फैक्ट्रियां बंद होने का सिलसिला तो लंबे समय से चल रहा है। माना जाता है कि राज्य में 50 हजार से कारखाने अब तक बंद हो चुके हैं। हाल ही में एफएमसीजी की दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया ने कोलकाता के ताराताला इलाके में अपनी फैक्ट्री बंद करने का फैसला लिया है। यह फैक्ट्री आजादी के समय 1947 में खोली गई थी। यह ब्रिटानिया की सबसे पुरानी प्रोडक्शन यूनिट थी। ब्रिटानिया को उसके बिस्कुट ब्रांड गुडडे और मारीगोल्ड के लिए जाना जाता है। इस ऐतिहासिक फैक्ट्री में काम करने वाले सभी स्थायी कर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस ) ले ली है। इसलिए यह बंद होने से किसी कर्मचारी पर कोई असर नहीं पड़ेगां न ही कंपनी के बिजनेस पर कोई असर होगा। 1850 के बाद कोलकाता के औद्योगिक विकास में और तेजी आई। बंगाल की जूट मिलें बिहार और उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराते थे। इस राज्य में खासकर टेक्सटाइल सेक्टर ने काफी तरक्की की। लेकिन वही कोलकाता पिछले पांच दशकों में औद्योगिक विकास में पिछड़ता चला गया। हुगली के किनारे बसी लगभग करीब 400 जूट मिलों में से आधी से ज्यादा बंद हो चुकी हैं। इस तरह बंगाल की औद्योगिक ग्राफ भी लगातार गिरता चला गया। रही सही कसर बंगाल में वाममोर्चा के शासन ने पूरी कर दी। वाममोर्चा के लंबे शासन में बंगाल में लगभग 60 हजार कारखाने बंद हो गए। कर्मचारियों के हक के लिए बनी यूनियनों ने भी खासा नुकसान किया। फैक्ट्रियों के प्रबंधन के साथ उनका 36 का आंकड़ा चलता था जिसकी वजह से काम भी प्रभावित होता था। इसलिए ज्यादातर उद्योगपति यहां कारखाना चलाने से बचने लगे। कारखाने बंद होने से लगभग सात-आठ लाख कर्मचारियों की रोजी रोटी छिन गई। ममता बनर्जी की सरकार आने के बाद बंद कारखाने तो नहीं खुल सके, बल्कि जो चल रहे थे वो एक-एक कर बंद होते चले गए। भारत में खाने पीने का सामान बनाने वाली बड़ी कम्पनियों में से एक ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज बंगाल को अपना तीसरा सबसे बड़ा बाजार मानती है, बंगाल कम्पनी के लिए 900 करोड़ से अधिक का व्यापार देता है। ब्रिटानिया कोलकाता के अलावा बिहार, ओडिशा, असम और उत्तर प्रदेश में अपने प्लांट चलाती है। ब्रिटानिया ने 2016 में बंगाल में दूसरी इकाई की योजना पर बातचीत चालू की थी। ब्रिटानिया की योजना थी कि वह 2018 तक इससे उत्पादन चालू कर देगी लेकिन राज्य में कई जगह जमीन की तलाश करने के बावजूद, योजना साकार नहीं हो सकी। वहीं दूसरी तरफ कंपनी ने 2018 में अपने असम प्लांट का उद्घाटन भी कर दिया दिसम्बर 2023 में बिहार में भी एक फैक्ट्री लगा दी।

गौरतलब है कि ममता बनर्जी की वाली टीएमसी सरकार के व्यापार विरोधी रवैये के कारण पश्चिम बंगाल से बाहर निकलने वाली ब्रिटानिया कोई पहली कंपनी नहीं है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने भी सिंगूर में टाटा नैनो प्लांट को लेकर विवादों के चलते राज्य छोड़ दिया था। वर्ष 2006, में बंगाल की वामपंथी सरकार ने सिंगूर और हुगली में लगभग 1,000 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी। इसके बाद, इसने राज्य में रोजगार बढ़ाने के लिए यह जमीन टाटा मोटर्स को दे दी थी। टाटा मोटर्स यहाँ नैनो कार का प्लांट लगाना चाहती थी। हालाँकि तब बंगाल में विपक्ष की नेता और तृणमूल कॉन्ग्रेस मुखिया ममता बनर्जी ने जमीन अधिग्रहण का विरोध किया था। इसको लेकर काफी बवाल हुआ था। टाटा मोटर्स के शोरूम पर भी हमले हुए थे। परिणामस्वरूप, टाटा मोटर्स को सिंगूर प्लांट को स्थगित करना पड़ा था, टाटा मोटर्स तब तक सिंगूर संयंत्र में 1,000 करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी थी। बंगाल में हुए इस हंगामे के बाद टाटा मोटर्स ने गुजरात के सानंद में अपना प्लांट स्थापित किया था। टाटा मोटर्स ने गुजरात में इस प्लांट का 2010 में उद्घाटन किया था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्य और ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मनमुटाव या विवाद के प्रसंग हो सकता है। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

### वृष
संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें।

### मिथुन
नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई-बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलन होने से मन में आनंद का अनुभव होगा।

### कर्क
पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी टालने का प्रयास करें। दूर बसने वाले मित्र या स्नेहियों से मुलाकात होगी। ये आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे।

### सिंह
यात्रा के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। पारिवारिक और जमीन-जायदाद से संबंधित चर्चाओं में सावधानी रखने की आवश्यकता है, वरना नुकसान हो सकता है। कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है।

### कन्या
लंबी दूरी की यात्रा का योग है। तीर्थ यात्रा भी संभव हो सकेगी। अत्यधिक काम का बोझ से थकान का अनुभव करेंगे। बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे।

### तुला
प्रिय व्यक्ति के साथ मिलाप होगा। नए लोगों से मुलाकात सुखद रहेगी। शेयर-सट्टे से दूर रहें। आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़ें, इसका ध्यान रखें।

### वृश्चिक
व्यापार को बढ़ाने की कोई नीति आज काम नहीं करेगी। आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बड़ी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

### धनु
गृह सजावट का आयोजन करेंगे। माता के साथ अधिक निकटता अनुभव करेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा।

### मकर
आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

### कुंभ
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दुविधायुक्त मन: स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

### मीन
आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। कार्यभार बढ़ेगा। पारिवारिक मामले में गहरी रुचि लेकर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

## स्वास्थ्य केंद्र सिरस में चिकित्सक सहित मेल नर्स एएनएम सहित अन्य चिकित्साकर्मियों के पद लंबे समय से है रिक्त, रोगियों को हो रही है समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**सिरस( नि.स. )।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक सहित मेल नर्स एएनएम सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों के पद लंबे समय से रिक्त चलने से रोगियों को उपचार करवाने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, राजू जायसवाल, ताराचंद जाट, वार्ड पंच लादूलाल वर्मा, शोभाचंद योगी, रामजीलाल जाट, पोखर जाट मौजा, रामजस मीणा, बाबूलाल योगी व शिवदयाल प्रजापत सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र में रोगियों के उपचार के नाम पर खुले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकार की अनदेखी के चलते अव्यवस्था का शिकार बना हुआ है। लंबे समय से चिकित्सक सहित अन्य चिकित्साकर्मियों के पद रिक्त चलने से रोगियों को उपचार करवाने के लिए निवाई या टोंक शहर में जाना पड़ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम का पद भी लंबे समय से रिक्त चलने से प्रसूति महिलाओं को भी प्रसव के लिए बाहर ले जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधा नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी है। स्वास्थ्य केंद्र पर वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एक मेल नर्स प्रति नियुक्ति पर लगा रखा है। चिकित्सक के नहीं होने से उपचार करवाने में समस्या बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी लगाने के लिए बार-बार उच्च अधिकारियों से मांग करने के बाद भी चिकित्सा विभाग की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेज कर सिरस में चिकित्सा अधिकारी सहित रिक्त पदों पर स्वास्थ्य कर्मी लगाने की मांग की है।

## दो बेटियों समेत लापता हुई महिला का एक सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं

### बनेठा थाने में दर्ज है गुमशुदगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिले के उनियारा उपखण्ड के ककोड़ गाँव से करीब एक सप्ताह पहले अपने दो बच्चों के साथ लापता हुई महिला गायत्री का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। इस बारे में बनेठा थाने में महिला के जेठ ने 21 जून को गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। काकोड़ निवासी अशोक ने पुलिस को दी गुमशुदगी में बताया की उसके छोटे भाई की पत्नी गायत्री अपने दो बच्चों के साथ 20 जून को घर से रिस्तेदार के यहाँ जाने की कह कर निकली थी। लेकिन वह रिस्तेदार के घर नहीं पहुंची। उसकी आसपास के रिश्तेदारों में तलाश की गई लेकिन कहीं भी उसकी जानकारी नहीं मिली। उसके लापता होने के बाद घर में सामान संभाला तो नगदी और जेवर भी नहीं मिले। परिजनों का आरोप है की पुलिस की तरफ से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का होगा सीधा हस्तांतरण आज

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून को, जिले के 382 नवनियुक्त कार्मिक जिला स्तर से होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी समारोह गुरुवार को एवं मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 29 जून को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वर्चुअली आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन 27 जून को प्रात: 11 बजे वर्चुअली माध्यम से कृषि ऑडिटोरियम में किया जायेगा। इसके साथ ही, 29 जून को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव कार्यक्रम भी कृषि ऑडिटोरियम में होगा। इसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

**जिला, ब्लॉक व पंचायत स्तर पर आयोजित होगा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी समारोह कार्यक्रम**

गुरुवार, 27 जून को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के साथ कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला स्तर, ब्लॉक स्तर व पंचायत स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमे लाभाथियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि एक साथ सीधे उनके खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। उपनिदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन 29 जून को, जिले के 382 नवनियुक्त कार्मिक जिला स्तर से होंगे शामिल**

जिला रोजगार अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि 29 जून को राज्य भर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले के 382 नवनियुक्त कार्मिक जिला स्तर से शामिल होंगे। उत्सव में मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह-वर्धन के लिए उन्हें संबोधित करेंगे तथा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री रोज़गार उत्सव में उपस्थित सभी कार्मिकों को उपस्थिति प्रमाण पत्र के अलावा वेलकम किट का वितरण किया जायेगा।

# गर्मी और उमस से लोग हो रहे परेशान किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा ( नि.स. )।** मौसम में हो रहे बदलाव के कारण इन दोनों आमजन को गर्मी व उमस ने परेशान कर रखा है। मानसून की देरी के कारण व अच्छी बरसात नहीं होने के कारण क्षेत्र में गर्मी व उमस का दौर जारी है। क्षेत्र में हुई मंगलवार रात्रि की बारिश के बाद जब सुबह धूप निकली तो लोगों का गर्मी व उमस से हाल बेहाल रहा मौसम में गर्मी व उमस के कारण कलर पंखों की हवा से भी आमजन को राहत महसूस नहीं हो रही है। सुबह से ही नगर में धूप-छांव का खेल चलता रहा। शाम होते होते तेज हवाओं का दौर चालू हुआ, इसी के साथ आसमान में अंधेरा छा गया। तेज हवा चलने के कारण कुछ हद तक आमजन को गर्मी से राहत महसूस हुई।

**बढ़ रही मौसमी बीमारियां :** गर्मी व उमस के कारण इन दोनों मौसमी बीमारियां पैर पसार रही हैं। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण इन दिनों बुखार, उल्टी-दस्त के मरीज ज्यादा बढ़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी के साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप लोगों को परेशान कर रहा है।

लगातार उमस के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। तापमान 39 डिग्री रहने के कारण लोगों की परेशानी चरम पर है। जबकि बारिश के बाद बढ़ती उमस लोगों को बीमार बना रही है। इसके कारण अस्पतालों में मरीजों की औसतन संख्या बढ़ गई है।

**खेती-किसानी भी शुरू :** बारिश से खेत में नमी आते ही किसानों ने इन दिनों खेतों की ओर रुख कर लिया है। खेतों में हंकाई का दौर चल रहा है अच्छी बारिश होने से पहले किसान वर्ग के लोग अपने खेतों को तैयार करने में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में नवतपा के दौरान व उसके बाद हुई हल्की बारिश के साथ ही क्षेत्र के किसान खरीफ सीजन की खेती-किसानी की तैयारी में लग गए हैं। किसानों ने खाद और बीज की व्यवस्था कर ली है।

## टोंक शहर में नालों एवं सीवरेज की सफाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने विगत शुक्रवार को टोंक शहर की सफाई व्यवस्था एवं छोटे-बड़ें बरसाती नालों में पानी की निकासी को लेकर निरीक्षण किया था तथा नगर परिषद आयुक्त को नालों एवं सीवरेज चैंबर्स की साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए थे। इसी के तहत नगर परिषद क्षेत्र में नालों एवं सीवरेज की सफाई को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि मानसून के दौरान जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो। हालांकि पूर्व में भी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई की गई थी।

नगर परिषद आयुक्त ममता नागर ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर टोंक शहर के रेडिवास नाला से राजीव गांधी कॉलेज तक, राजीव गांधी कॉलेज से चिड़ी की बाड़ी तक नाला को साफ करवाया जा रहा है। उक्त मार्ग पर नियमित रूप से चार जेसीबी मशीन व नाला टीम द्वारा सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, स्वास्थ्य निरीक्षक की उपस्थिति में मॉनिटरिंग की जा रही है। खादी भंडार के पास, पांच बत्ती पर जिन मकान पर पक्का निर्माण करवा लिया गया है। उनको हटाकर तलछट नालों की सफाई करवायी जा रही है। आगामी सप्ताह में धन्ना तलाई व धन्ना तलाई से रेडिवास की ओर जा रहे नालों की सफाई करवायी जावेगी। नाला सफाई के दौरान नगर परिषद ने आमजन से अपील की है कि नाले पर पक्के निर्माण को स्वयं हटा ले ताकि नाले की तलछट सफाई करवाई जा सके।

## रामकथा को लेकर बैठक आयोजित, संरक्षक जलदाय मंत्री और अध्यक्ष ओम सोनी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद एवं श्री राम कथा आयोजन समिति के तत्वाधान में 24 अगस्त से 1 सितंबर तक भव्य रामकथा का आयोजन महेश सेवा सदन मालपुरा में होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कथा वाचक श्री शंभू शरण जी लाटा अपने मुखार बिंद से मधुर संगीतमय रामकथा का श्रवण करवाएंगे। रामकथा आयोजन के निमित्त सम्पन्न हुई मीटिंग में मालपुरा सर्व समाज, सामाजिक संस्था सहित धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए लगभग 80 गणमान्य सनातन धर्मप्रेमी बन्धुओं ने भाग लिया। मीटिंग में सर्व सहमति से भव्य रामकथा आयोजन के सफल सम्पन्न करवाने हेतु रामकथा आयोजन समिति बनायी गयी। समिति के सरंक्षक कन्हैयालाल चौधरी कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, मुख्य यजमान बी. एल. चौधरी समाजसेवी देशमा ,अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी लक्ष्मी ज्वैलर्स ,उपाध्यक्ष पुरषोत्तम सैनी ,पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका संयोजक सीताराम शर्मा ,इन्द्रा कॉलोनी (सेवानिवर्त विधुत विभाग)

सह-संयोजक सुशील गोयल बीसलपुर ब्राण्ड, प्रचार प्रसार सौजन्य एम डी पब्लिक स्कूल रीको एरिया मालपुरा उपस्तिथ सदन की आपसी सहमति से रामकथा में प्रतिदिन के पूजन-यजमान बनने की लाभार्थी की न्यौछावर राशि 21000 रुपये तय की गयी । मुख्य यजमान सहित प्रतिदिन 9 दिन के यजमान को रामकथा के पूजन आरती एवं उस दिन के निमित्त समस्त आयोजन में पुण्यार्थी बनने का अवसर प्राप्त होगा। श्री रामकथा आयोजन समिति के रामबाबू परतानी एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा ने बताया कि इस भव्य रामकथा के निमित्त प्राप्त सहयोग में से आयोजन के पश्चात जो भी आय बचेगी।

# मुख्यमंत्री की टोंक यात्रा को लेकर जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों की ली बैठक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे। टोंक में प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही, यात्रा की आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पुलिस विभाग को यात्रा की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था व पार्किंग, सार्वजनिक निर्माण को हैलीपेड, सेफ हाउस, सुगम सड़क मार्ग, नगर परिषद को अग्निशमन, सफाई, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा विभाग को एंबुलेंस एवं मेडिकल स्टॉफ की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, विद्युत विभाग को कार्यक्रम स्थल पर निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने के लिए कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, एएसपी सरिता सिंह, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कृषि उपज मंडी समिति का निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया :** इससे पूर्व जिला कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर जाकर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने वीआईपी एवं आमजन के प्रवेश, पार्किंग, सेफ हाउस, डोम, स्टेज एवं हेलीपेड आदि का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारी की जानकारी लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मोपेड के टक्कर मारकर सड़क पर पलटा ट्रक देशी मदिरा के पव्वे व बोतले बिखरी सड़क पर

### मोपेड चालक की मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत, ट्रक का खलासी घायल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लक्की रिसोर्ट के समीप बुधवार को आगे चल रही एक मोपेड के एक ट्रक ने टक्कर मार दी और ट्रक असंतुलित हो कर पलट गया। इस दुर्घटना में मोपेड चालक की मौत हो गई तथा ट्रक का खलासी घायल हो गया। ट्रक के बीच सडक पर पलट जाने से सडक पर कार्टून में भरी हुई मदिरा के पव्वे व बोतले सडक पर फैल गई जिससे यातायात अवरूद्ध हो गया। पुलिस ने यातायात को वन वे किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल खलासी व मृतक के शव को लेकर निवाई अस्पताल में पहुंची। जहां मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया और खलासी को उपचार के लिए भर्ती करवा दिया। पुलिस ने बताया कि गांव शिवाड निवासी रामअवतार पुत्र शिवदयाल वैष्णव उम्र 45 वर्ष अपनी मोपेड पर सवार होकर जयपुर से शिवाड जा रहा था। इसी दौरान निवाई बाईपास पर मदिरा से भरे हुए ट्रक ने पीछे से मोपेड के टक्कर मार दी जिससे मोपेड चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद ट्रक सडक पर पलट गया। जिससे ट्रक का खलासी विनोद पुत्र गोपी गुर्जर निवासी नया गांव बोरदा घायल हो गया।

आबकारी अधिकारी रामकृष्ण मीणा ने बताया कि देशी मदिरा से भरा हुआ ट्रक बहरोड से टोंक डिपो के लिए जा रहा था। ट्रक में ग्लोबल स्पोट कम्पनी की देशी मदिरा के पव्वे के 750 कार्टून, 200 कांच की बोतलों के कार्टून भरे हुए थे। पुलिस उपनिरीक्षक घासीलाल ने बताया कि पलटे हुए ट्रक को क्रेन की सहायता से सडक से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया।

## जाट विवाह सम्मेलन की गणपति विदाई



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जाट विवाह समिति टोंक की बैठक जाट धर्मशाला डिग्गी में निवर्तमान अध्यक्ष नानू लाल भारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक में 21 वें विवाह सम्मेलन के आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष रामकरण बुगालिया द्वारा प्रस्तुत किया गया ,तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर सम्मेलन के गणपति को विदाई दी गई । पूर्व अध्यक्ष कुम्भाराम चौधरी ने बताया कि गणपति विदाई के पश्चात बैठक में नवीन कार्यकारिणी का भी चुनाव किया गया जिसमें सर्व सम्मति से उम्मेद सिंह दगोलिया पीपलू को नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा कार्यकारिणी गठन का गठन करने का अधिकार अध्यक्ष को दिया गया।सभी समाज बन्धुओं ने माला और साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संयोजक रामलाल बगड़िया, धर्मशाला के अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी , पूर्व अध्यक्ष छीतर लाल थाकर, गिरिराज निठारवाल, हजारीलाल भांडवाल ,कुम्भाराम चौधरी, गोपाल जी भलूण्डिया, रामचन्द्र बूरी, महामंत्री चौथमल नागा, पूर्व महामंत्री केप्टन धन्ना लाल गढ़वाल,सत्यनारायण सरुडिया ब्लाक अध्यक्ष आदर्श जाट महासभा मालपुरा, पूर्व उपाध्यक्ष रामलाल बुरड़क, प्रहलाद दगोलिया,हनुमान पराना,रामचन्द्र कुडी, लालचंद पराना, सरपंच गिरिराज बूरी, सरपंच कैलाश गोरा ,सरपंच भोलू राम, बद्री दोहन ,बजरंग लाल कुंडरवाल, सम्मेलन की गणपति विदाई में उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ विधायक ने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की सुनी समस्याएं

### आगामी दिनों में शिविर लगाकर समाधान करने का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** पीपलू डाक बंगले में विधायक रामसहाय वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण करके शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने अपने क्षेत्र की समस्या की जानकारी ली। विधायक रामसहाय वर्मा ने पीपलू के लिए सरकार के बजट में पीपलू को नगरपालिका बनाने, पीपलू सीएचसी को 30 बेड से बढाकर 100 बेड का करने व किसी राजस्व गांव में सडक़ नहीं होने से कृषि मंडी से सडक़ बनाने सहित क्षेत्र के सभी गांवों की समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। विधायक वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का पोधारोपण करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधान रतनी देवी चंदेल, सत्यनारायण चंदेल, पूर्व सरपंच पंकज शर्मा, देवशंकर गुर्जर, रामप्रसाद शर्मा, गिर्राज गुर्जर, दशरथ सिंह, राजेश शर्मा, सियाराम शर्मा, हनुमान गुर्जर रजवास, चिरंजीलाल झांपडी, संजय हरसौरा, सीताराम सैनी, रामजी लाल आचार्य, गजराज शर्मा, हजारी मेहरा, कठमाना सरपंच गणेश जाट, रानोली से गिर्राज सैन, सुमेर सिंह, छीतर वर्मा गिरधनपुरा, सीताराम वर्मा व राधेश्याम सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरौनी पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बरोनी पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए 5 ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएसपी देशराज कुलदीप के निकट सुपरविजन में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही के चलते बुधवार को पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध बजरी भरे हुए पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जब्त सभी वाहनों को पुलिस थाने में खड़ा करवा दिया है तथा चालक व मालिकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बरसात होने से गर्मी से मिली राहत, मौसम हुआ खुशनुमा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बुधवार की शाम को हुई बरसात से तापमान कम होने से मोसम खुशनुमा हो गया। दिनभर तेज धूप व गर्मी से हाल बेहाल हो गया एवं शाम को आसमान में काले बादल छाए और आकाशीय बिजलियां कड़कती रही। बादल गरजते रहे। करीब 6 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई जो थोड़ी देर में तेज बारिश में बदल गई। बरसात होने के साथ ही सडक़ों पर पानी बहने लग गया। मानसून की शुरुआत के साथ ही पहली बरसात हो जाने से भीषण गर्मी व उमस से परेशान हो रहे लोगों को राहत मिल गई। हालांकि झमाझम बारिश नहीं हुई है जिससे किसान कृषि कार्य में जुट सकें। लेकिन गर्मी से कुछ राहत जरूर मिल गई है।

# जेडीए का चला बुलडोजर : न्यू सांगानेर रोड पर 150 से अधिक अतिक्रमण हटाए

## जेडीए मानसरोवर क्षेत्र में छह सौ से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़ेगा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में बुधवार सुबह से मानसरोवर इलाके में जेडीए के पीले पंजे ने काम शुरू कर अवैध निर्माणों को ढहाना चालू कर दिया है। जानकरी के अनुसार जयपुर विकास प्राधिकरण बुधवार से मानसरोवर क्षेत्र में छह सौ से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़ेगा। इनमें ज्यादातर दुकानें हैं। वहीं किसी भी विरोध की संभावना को देखते हुए मौके पर सैकड़ों की संख्या में पुलिसवाले भी मौजूद हैं। जेडीए की ओर से बुधवार सुबह कार्रवाई की शुरुआत मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से हुई है। अतिक्रमण हटाने के दौरान ट्रैफिक लाइट का सिग्नल गिरने से एक व्यक्ति घायल हुआ है। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जेडीए की ओर से रोड को 200 फीट चौड़ा करने के लिए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर न्यू सांगानेर रोड से अवैध निर्माण को हटाया गया है। इससे पहले अतिक्रमियों को नोटिस जारी कर स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने के लिए पांच दिन का समय दिया है। जिन्होंने इस अवधि में निर्माण नहीं हटाए हैं, जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बुलडोजर की मदद से ऐसे निर्माण को हटाया गया है। साथ ही अवैध निर्माण को हटाने का यह अभियान तीन जुलाई तक चलेगा।



**मौके पर लोगों ने किया विरोध :** जयपुर विकास प्राधिकरण की बुधवार को पहले दिन मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से रजत पथ तक अवैध निर्माण तोड़ा है। इस दौरान लोगों की ओर से विरोध भी किया । हालांकि मौके पर भारी पुलिस जाब्ते को देखते हुए कोई बड़ा विरोध अब तक सामने नहीं आया।

**व्यापारियों ने की पुनर्वास की मांग :** न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि व्यापारियों की ओर से पहले इस कार्रवाई का विरोध किया गया था। लेकिन अब व्यापारी जेडीए का सहयोग कर रहें है। शर्मा ने कहा कि अधिकांश व्यापारियों ने अपने अतिक्रमण खुद तोड़े है। लेकिन अब हमारी सरकार से मांग है कि हमारा पुर्नवास किया जाए। ताकी हम हमारे परिवार के साथ जीवन यापन कर सके। गौरतलब है कि कई दिनों से व्यापारियों की ओर से बाजार बंद रखकर जेडीए की कार्रवाई का विरोध किया गया था। साथ ही जेडीए की कार्रवाई के विरोध में सीएम भजनलाल शर्मा से भी मिले। उन्हें जेडीए की कार्रवाई को रोकने के लिए कहा। लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला। इसके अलावा व्यापारी विधायक कालीचरण सर्राफ व अन्य कई नेताओं से भी मिले।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम के ओपनर ट्रेविस हेड को जयपुर पुलिस ने बनाया अपराधी

## भारतीय खिलाड़ी पुलिस की वर्दी में नजर आए, लिखा अब पकड़ में आया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कमिश्नरेट पुलिस को सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट विवादों में आ गई। पोस्ट में भारतीय खिलाड़ी पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे है तो वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम के ओपनर ट्रेविस हैड अपराधी के रुप में नजर आ रहे है। पुलिस ने पोस्ट में लिखा कि अब पकड़ में आया। टी-बीस वर्ल्ड कप में चौबीस जून को हुए मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। भारतीय टीम की जीत के बाद जयपुर पुलिस द्वारा की गई पोस्ट पर विवाद बढ़ गया है। पुलिस ने अपनी पोस्ट में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ट्रेविस हेड को एक अपराधी की तरह बताया। जबकि टीम के इंडिया के खिलाड़ियों की पुलिस वर्दी में फोटो शेयर करते हुए लिखा कि उन्नीस नवंबर से तलाश रहे थे। अब जा के पकड़ में आया।

इस पोस्ट के बाद जयपुर पुलिस ट्रोल होने लगी तो दो घंटे में ही इसे हटा दिया गया। अतिरिक्त कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने कहा कि पोस्ट का क्या मामला है इसकों दिखवा रहे है।

गौरतलब है कि 19 नवंबर को 2023 को वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा दिया था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के ओपनर बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने सेंचुरी मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। वनडे वर्ल्ड कप के मैच के बाद 24 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में एक बार फिर टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया आमने सामने थी। इस मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराकर जीत हासिल की और ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

भारतीय टीम की जीत के बाद जयपुर पुलिस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर और इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर की थी, जिसमें ट्रेविस हेड को अपराधी की तरह दिखाया। पुलिस ने अपनी पोस्ट में टीम इंडिया के खिलाड़ियों रोहित शर्मा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत और विराट कोहली को पुलिस की वर्दी में दिखाया। इस फोटो में ट्रेविस हेड अपराधियों की तरह नीचे बैठे हैं। इस पोस्ट पर जयपुर पुलिस ने कैप्शन लिखा- किसी दिन ये तमाशा मुस्कुराकर हम भी देखेंगे।

पोस्ट के फोटो पर लिखा है- 19 नवंबर से तलाश रहे थे। अब जा के पकड़ में आया। इस पोस्ट के बाद जयपुर पुलिस ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई। एक यूजर ने इस मीम को रिट्वीट करते हुए लिखा कि जयपुर पुलिस का ये कैसा अतिथि देवो भव:। इसको लेकर यूजर ने जमकर भड़ास निकाली।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के अगदतंत्र विभाग ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2024 मनाया। कार्यक्रम में नशीली दवाईयों का सेवन नही करने के लिए छात्र छात्राओं को शपथ दिलवाई ओर ड्रग्स से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। संस्थान के चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर मे ड्रग्स के दुरुपयोग से होने वाले गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक करने के साथ ड्रग्स से दूर रहने ओर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिता शर्मा ने ड्रग्स से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में




जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के नशे में लिप्त रोगियों का आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से उपचार के साथ ही निरन्तर अनुसन्धान कार्य भी जारी है। नशा मुक्ति के लिए प्रत्येक सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल भवन की ओपीडी संख्या 25 संचालित की जाती है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिता शर्मा, डॉ दिनेश कुमावत, डॉ पुनीत चतुर्वेदी ओर पीजी, पीएचडी स्कालर, बीएएमएस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र उपस्थित रहे।

# चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली में बुधवार को चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए चल रहे कार्य को रुकवाया गया तथा हिदायत दी गई कि जब तक प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों से बातचीत नहीं हो तब तक ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य बंद कर दिया जावे। इस मौके पर ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुये विरोध दर्ज करवाया। भाजपा नेता पूरणमल भरगड़ ने ग्रामीणों को संघर्ष के लिए संगठित होने के लिए प्रेरित किया तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से भविष्य में होने वाले मानव जीवन, पेड़-पौधे, पशुओं, पर्यावरण आदि पर पडने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के चारों तरफ 11 बोरिंग लगी हुई है जिनसे जल संग्रहण होकर चतुर्भुज के आसपास सहित कस्बे में पीने का पानी सप्लाई होता है। जिससे पानी भविष्य में दूषित हो जायेगा।

इस दौरान ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढ़ाणी रामनगर की महिलाओं समेत भाजपा नेता अरूण सैनी, चंदरशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, किशन दास स्वामी, रामजीलाल स्वामी, मनोज स्वामी, गिरधारी, विक्रम सैन, नरेश भरगड़, महावीर स्वामी, मनोज स्वामी, बहादुर यादव, उमेश आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

# रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक 28 जून से : एक मंच पर जुटेंगे बाघ-पर्यावरण संरक्षण विशेषज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** लिव 4 फ्रीडम की ओर से 28 से 30 जून तक रणथंभौर स्थित आमाघाटी वाइल्ड लाइफ रिसोर्ट में तीसरे रॉयल रणथंभौर इंटरनेशनल टाइगर वीक (आईटीडब्ल्यू) का आयोजन किया जा रहा है। बाघों को समर्पित प्रतिष्ठित आयोजन में वन्य जीव एवं बाघ संरक्षण विशेषज्ञ, वनपर्यावरण-जलवायु और पर्यावरण मंत्रालय राजस्थान व अभयारण्य के वरिष्ठ अधिकारी, बाघ आबादी वाले देशों के राजदूत, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर्स व लेखक हिस्सा लेंगे। इस दौरान विशेषज्ञ वन्य जीव संरक्षण में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार रखेंगे। बाघ संरक्षण में कीर्तिमान स्थापित करने वाली शख्सियतों को अलग-अलग कैटेगरी में अवॉर्ड दिए जाएंगे। इसी के साथ ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्ममेकर सुब्बैया नल्लामुथु द्वारा बाघों पर बनायी गयी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग, सेलिब्रिटिज वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी एग्जीबिशन आदि आयोजन भी होंगे। इंटरनेशनल टाइगर वीक के फाउंडर सुनील मंगल ने कहा कि इस आयोजन के जरिए विश्वभर में बाघ संरक्षण क्षेत्र में विशेषता रखने वाले महानुभव एक मंच पर आएंगे। इस चर्चा से बाघ और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। ऐसे आयोजनों में प्रायोजकों के महत्त्वपूर्ण भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाघ और पर्यावरण को बचाने और वाइल्ड लाइफ टुरिज्म को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर आवाज उठाना जरूरी है।

# कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उत्तर राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के किसानों ने अपनी कपास की फसल पर गुलाबी सुंडी के हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। पिछले फसल सीजन के दौरान इन क्षेत्रों के किसानों को गुलाबी सुंडी के लगातार हमलों के कारण भारी नुकसान का सामना करना पड़ा था, जिससे इस खतरे से निपटने के लिए प्रभावी समाधान खोजने की जरूरत बढ़ गई है।

गुलाबी सुंडी कपास की फसल को तबाह करने वाला कीट है। इसका निरंतर प्रकोप उक्त क्षेत्रों में कपास की खेती के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। इसका प्रभाव विभिन्न कारकों द्वारा बढ़ता जा रहा है, जिनमें जलवायु की परिस्थितियां, फसल विविधीकरण की कमी, और बीटी कॉटन की कुछ किस्मों में कीटनाटकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का विकास शामिल है। यह कीट कपास की फसल को नुकसान पहुंचा कर उपज को कम कर देता है, जिससे क्षेत्र के किसानों की आजीविका प्रभावित होती है। इन चुनौतियों के मद्देनजर कीट विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील किसान गुलाबी सुंडी के संक्रमण से निपटने के लिए एक रणनीतिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सिफारिश करते हैं। किसानों को एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी जाती है,



जिसमें फसल विविधीकरण जैसे सुरक्षात्मक उपायों को लागू करना शामिल है। कृषि अनुसंधान केंद्र श्रीगंगानगर के वैज्ञानिक रूप सिंह मीणा गुलाबी सुंडी के संक्रमण से निबटने के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता पर जोर देते हैं। उनका कहना है कि गुलाबी सुंडी के संक्रमण से निबटने के लिए विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित रणनीतियों को लागू करना महत्वपूर्ण है।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार की अनूठी पहल, मनाया नशा मुक्ति दिवस

## झोली फैलाकर मांगी नशीले उत्पादों की भीख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बुधवार, 26 जून को विश्व नशा निरोधक दिवस मनाया गया। गायत्री चेतना केंद्र, मुरलीपुरा और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की ओर से मुरलीपुरा के दादी का फाटक पर नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 400 से अधिक मजदूरों ने कार्यक्रम में भाग लिया। गायत्री परिवार कार्यकर्ताओं ने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के सामने झोली फैलाकर शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट की भीख मांगी। इस भावनात्मक अपील पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने बीड़ी, गुटखा और शराब का



सेवन न करने का संकल्प लिया। झोली में बीड़ी के बंडल और गुटखा के पाउच डाले। गणपत वर्मा, राजेंद्र सैनी, मंगल सैनी सहित अन्य कर्यकर्ताओं ने नशा नाश का दूजा नाम, तन-मन दोनों बेकाम..., गांजा-भांग-शराब तंबाकू तन-मन-धन के ये सब डाकू...जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरुक किया। हाथों से विष घोल दिया ये जीवन अनमोल मनुज तेरा क्या कहना...जैसे गीतों ने लोगों को नशा छोडने के लिए प्रेरित किया।

# राजधानी जयपुर में मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत मानसरोवर एवं सांगानेर सदर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम और गांजा की सप्लाई करने वाले तीन तस्करों को धर-दबोचा है और उनके पास से भारी मात्रा में गांजा-अफीम सहित ब्रिकी राशि के लाखों रुपये भी जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मानसरोवर एवं सांगानेर सदर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम और गांजा की सप्लाई करने वाले दिनेश कुशवाह (22)निवासी मोहनपुर जिला बोध गया (बिहार),घमाराम (25)निवासी गांव वरणवा थाना सरवाणा जिला सांचौर और प्रवीण कुमार (26)निवासी भीनमाल जिला जालौर को गिरफ्तार किया गया है।

# ओवैसी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राजस्थान प्रदेश संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को ज्ञापन पत्र भेजकर हैदराबाद लोकसभा सांसद एवं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की है पवन शर्मा ने बताया लोकसभा में शपथ के दौरान ओवैसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया जो की किसी भी सूरत में बर्दाश्त योग्य नहीं है वंदे मातरम एवं भारत माता की जय घोष के नाम से परहेज करने वाले ओवैसी द्वारा भारत की पवित्र संसद में अन्य देश की जयकार ओवैसी की मानसिकता को प्रदर्शित करती है अतः राष्ट्रपति अविलंब ओवैसी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करें । ज्ञापन पत्र में विधानसभा संयोजक गिरिराज प्रसाद शर्मा, युवा नेता अनिल महर्षि, ईश्वर सिंह तंवर, आनंद स्वरूप अग्निहोत्री, जगदीश यादव, शिक्षाविद गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा, एडवोकेट बाल गोविन्द सोनी, सीए रतन अग्रवाल, रविदत शर्मा, लोकेश शर्मा, सत्यनारायण सैनी, महामंत्री भोमराज चेची, मोहनलाल अग्रवाल, बहादुर सिंह शेखावत, गिरिराज सैनी, एडवोकेट राहुल मोदी, ओम प्रकाश मीणा,दिनेश मीणा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर ओवैसी की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है ।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर 28 जून को प्रतापनगर थाने में करेंगे जनसुनवाई

## पुलिस थाना सांगानेर, प्रतापनगर, रामनगरिया, मालपुरा गेट जयपुर (पूर्व) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 28 जून (शुक्रवार) को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद्र बिश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र सांगानेर जयपुर (पूर्व) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी।



जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम)एवं चौमू(जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# फूल झरोखे में विराजमान हुए ठाकुर जी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** चांदपोल बाजार स्थित ठिकाना मंदिर में बुधवार को ठाकुर जी को फूल झरोखे में विराजमान किया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी के दर्शन करने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित हुए। गोविंद की गैया मंडल व संग चल सहेली संस्था की ओर से मंदिर परिसर में श्री राम नाम का कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालुओं ने ठाकुर को रिझाने के लिए नृत्य किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में जगमोहन के खंभों पर केले के पेड़ सजाए गए। जगमोहन के बीच में मोगरे और गुलाब की माला से झूमर बनाया गया।

# शिवदासपुरा पुलिस ने जिस युवक को रात को किया था गिरफ्तार वो सुबह मिला अस्पताल में वेल्टीनेटर पर

## परिजनों ने उच्च अधिकारियों से की जांच की मांग, घटना से पुलिस के छुटे पसीने

बढ़ता राजस्थान




अस्पताल में भर्ती केलाश व उसकी फाइल फोटो

**चाकसू ( नि.स. )।** शिवदासपुरा थाने में एक अजब घटना घटित हुई है जिसे जो भी सुन रहा है उसी को लेकर अचिम्बित है । हुआ यह कि देर रात को जिस युवक को पुलिस ने डिटेन किया था वो सुबह महात्मा गांधी अस्पताल में वेल्टीनेटर में मौत और जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है जिसका प्रकरण पुरी तरह से परिजनों के भी समझ मे नही आ रहा है कि जो शख्स रात को बिलकुल ठीक था आखिर सुबह अस्पताल कैसे पहुंच गया । पीड़ित केलाश शर्मा के भाई प्रह्लाद शर्मा ने बताया की उसका भाई अपने दोस्तों के साथ गांव चन्दलाई आ रहा था इस दौरान शिवदासपुरा पुलिस ने उसे शराब पीकर कार चलाने के जुर्म में धारा 185 में के तहत डिटेन किया था । पुलिस की ओर से आईडी मांगने पर वो भी दे दी थी बुधवार को सुबह 6 बजे अचानक पुलिस का फोन आया कि आपके भाई के दिल का दौरा पड़ गया है वो वेल्टीनेटर पर महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर में भर्ती है । पुलिस की सूचना पर वह जब अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने बताया कि उसके भाई के दिल के दौरा पड़ने पर 2 छल्ले ड़ल गए है और टोड़ी व अन्य जगह चोट के निशान है परिजनों के आखिर यह बात गले नही उतर रही है कि उसके भाई के जगह –जगह चोटे क्यो आयी ? वही पुलिस सूत्रों का इस मामले में कहना है कि डिटेन यूवक केलाश बुधवार की सुबह शौचालय में जाते वक्त चक्कर आकर गिर गया जिससे उसके चोटे लगी उसे तुरंत अस्पताल ले गए जंहा डॉक्टरों ने ह्रदयघात होने की वजह से छल्ले डाल दिये है परिजनों की ओर से मारपीट के आरोप लगाना बेबुनियाद है ।

### परिजनों ने उच्च अधिकारियों से की जांच की मांग

वही पीड़ित केलाश शर्मा के साथ चोट के मामले में परिजनों ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग करते हुए कहा कि जो घटना के पीछे दोषी हो उस पर सख्त कार्यवाही करके न्याय दिलवाया जाए।

### घटना से पुलिस के पसीने छुटे

डिटेन व्यक्ति के साथ इस तरह हुए अचानक हादसे से पुलिस के पसीने छूट गए है कोई भी पुलिस कर्मी घटना के मामले में मुंह नही खोलकर चुप्पी साधे बैठा हुआ है अधिकारी मीडिया से दूरी बनाए हुए है मीडिया कर्मियों के फोन रिसीव नही कर रहे । गौरतलब है कि इसी थाने में पूर्व में इस तरह के हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी तब तत्कालीन थाना प्रभारी नरेंद्र पारीक सहित पूरे स्टॉफ को एपीओ कर दिया गया था ।

# डिग्गी और टांकों से होगा बरसाती पानी का संरक्षण

## सीईओ मोहन लाल खटनावलिया ने रोलासर, तोलासर व नैणासर सुमेरिया में किया जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान अंतर्गत जिले में हो रहे विभिन्न कार्यों का बुधवार को जिला परिषद सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने निरीक्षण किया। सीईओ ने बुधवार को सरदारशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रोलासर, तोलासर व नैणासर सुमेरिया में विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया और कहा कि डिग्गी और टांकों के निर्माण से न केवल बरसाती पानी का संरक्षण होगा, अपितु किसान इसके जरिए खेती और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां कर खुशहाल होंगे। उन्होंने लाभार्थी दौलतराम के टांके तथा शान्ति देवी पत्नी गंगाराम के डिग्गी निर्माण कार्य को देखा। राकेश पुत्र सोहनलाल के टांका निर्माण कार्य पर उन्होंने राकेश की माता तुलछी देवी ने बताया कि खेत में मीठे पानी का 30 हजार लीटर का टांका निर्माण कार्य होने से हम गंगा नहाये हो गये। उन्होंने कहा कि वे अब वृक्षारोपण कार्य भी करवाएंगे। सीईओ ने कुंभाराम पुत्र तारूराम के प्रगतिरत टांके, सोना देवी पत्नी मालाराम के डिग्गी निर्माण कार्य, शांति देवी पत्नी सुखराम के टांका निर्माण कार्य, हुकमाराम पुत्र भीखाराम के डिग्गी निर्माण कार्य एवं रामचन्द पुत्र मालुराम के प्रगतिरत टांका निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सीईओ खटनावलिया ने बताया कि परियोजना अन्तर्गत प्रथम कार्यादेश के तहत 72 कार्य क्रियान्वयन हेतु निर्देश प्रदान किए गए तथा द्वितीय कार्यादेश में 135 जल कुण्ड निर्माण कार्य हेतु आदेश जारी किये गये थे। प्रथम कार्यादेश के तहत 38 कार्य पूर्ण कर दिये गये हैं जबकि द्वितीय कार्यादेश के तहत 23 कार्य पूर्ण व 14 कार्य प्रगतिरत है। कार्य की प्रगति बढाने हेतु कृषकों को कृषक हिस्सा राशि समय पर जमा करवाने हेतु प्रेरित किया व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए। नैणासर सुमेरिया संरपच चमकोरी देवी ने बताया कि इस योजना को स्वीकृत करवाने के लिये काफी समय से प्रयास किया जा रहा था। मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान इस क्षेत्र के किसानों के लिये लाभाकारी योजना साबित हो रही है।

## राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित करेंगे बढ़ी हुई राशि आज

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 27 जून गुरूवार को झुंझुनूं में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तर पर राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय में अभिवृद्धित पेंशन राशि हस्तानान्तरण एवं लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। जहाँ जिले के लाभार्थी कार्यक्रम से जुड़ेंगे। एडीएम योगेश कुमार डागुर ने बताया कि इसके लिए प्रातः 11 बजे से राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन होगा। एडीएम ने जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को आमंत्रित करने, फूड पैकेट, पेयजल, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, कार्यक्रम स्थल पर वीडियो वॉल लगाने, प्रचार प्रसार, साफ सफाई, मेडिकल टीम व कानून व्यवस्था सहित सभी कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि एसडीएम बृजेश कुमार कार्यक्रम के ओवरऑल प्रभारी होंगे।

**जिले के 01 लाख 57 हजार 637 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ :** समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1038.55 करोड़ रुपये की डीबीटी की जायेगी। जिसमें जिले के 01 लाख 57 हजार 637 लाभार्थी सम्मिलित हैं। जिनके खातों में 18 करोड़ 13 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से स्थानान्तरित किये जायेगें। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 01 अप्रैल से 1000 रुपये से बढ़ाकर 1150 रुपए प्रति पेंशनर प्रति माह बढ़ी हुई पेंशन राशि दी जा रही है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, डीओआईटी उपनिदेशक सुनील मीणा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी नितिन टांक, तहसीलदार सौरभ गुर्जर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धि राशि हस्तांतरण कार्यक्रम आज

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में गुरुवार, 27 जून को सवेरे 10.30 बजे सामाजिक सुरक्षा पेंशन अभिवृद्धि राशि हस्तातंरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश स्तर से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत अभिवृद्धि राशि लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित करेंगे तथा वीसी के जरिए लाभार्थियों से संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा अप्रैल, 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत न्यूनतम पेंशन राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की गयी है। मुख्यमंत्री शर्मा वीसी के माध्यम से बटन दबाकर पेंशनरों को बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान करेंगे। राज्य सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे वृद्धजनों, विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा, एकलनारी आदि पेंशनरों में खुशी का माहौल है। राठौड़ ने बताया कि चूरू जिले के लगभग 2 लाख 33 हजार 791 पेंशनरों को बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान प्राप्त होगा। वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत जिले में लगभग 2 लाख 72 हजार 10 पेंशनर लाभान्वित हो रहे हैं।

# प्रभारी मंत्री ने लिया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियो का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू ( नि.स. )।** माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 27 जून को प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के संबंध में बुधवार शाम जिले के प्रभारी मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने तैयारीयों का जायजा लिया । इस दौरान जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, सीकर आईजी सत्येंद्र सिंह व पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज भी मौजूद रहे । इस दौरान उन्होंने कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी प्रवेश एवं आमजन के प्रवेश, पार्किंग, स्टेज, पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरीया सहित विभागीय अधिकारी व पुलिस प्रशासन मौजूद रहा ।

# वार्डों में विकास कार्य हेतु मांग पत्र सौंपा



बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा( नि .स .)। दिनांक 26 जून को गुरु गणपति ज्ञान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कैलाश श्रृंगी ने बताया की गणेश मंदिर कोटा बैरियर परिसर में महादेव मंदिर पर खुला बरामदा एवं शौचालय स्नान घर और रोड पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए लोहे की जाली और पेड़-पौधे एवं आरसीसी कार्य करवाने के लिए नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मुकेश नागर व अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेन्द्र सिंह हाडा को मांग पत्र सौपा इन सभी विषयो पर जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया । साथ ही वार्ड नंबर 19 में विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व पार्षद कान्हाराम चारण ने बताया की चारण बस्ती व आस पास के क्षेत्र मे में नाली निर्माण रोड लाइट और सीसी रोड का निर्माण कार्य कराए जाने वार्ड में आंगनबाड़ी भी जर्जर अवस्था में है इसका भी कार्य करवाये जाने में रोड पर मछली विक्रेताओं को अन्य जगहों पर शिफ्ट करवाया जाए आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है रोड पर ब्रेकर बनाए जाए पास में स्कूल होने के कारण ब्रेकर की अत्यंत आवश्यकता है वार्ड में एक भवन की आवश्यकता है जो शादी विवाह के लिए भवन निर्माण की बहुत जरूरी आवश्यकता है इन सब मांगो को लेकर माँग पत्र सोपा दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष व गणेश ज्ञान मंदिर कमेटी अध्यक्ष कैलाश श्रृंगी पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार वधवा, पूर्व महामंत्री हरीश राठौर, हर्ष जैन भाजपा महामंत्री दिनेश सेन, पूर्व पार्षद कानाराम चरण,पार्षद प्रतिनिधि भंवर सिंह खींची, युवा मोर्चा महामंत्री विष्णु राठौर,रवि राठौर,सिद्धार्थ वधवा शामिल थे।

# आपातकाल के विरोध में विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कोटपुतली ।राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित निजी होटल में भाजपा जयपुर देहात (उत्तर) द्वारा आपातकाल के विरोध में जिला स्तरीय विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ , कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़, कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री गोपाल अग्रवाल व सहसंयोजक जयराम गुर्जर रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि मदन राठोड़ ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए बताया की 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी द्वारा देश के संविधान को बदलकर अपनी कुर्सी बचाने के प्रयास में आपातकाल की घोषणा की और हजारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया, उन्हें 19 महीनों से ज्यादा जेल में रहना पड़ा।

प्रजातंत्र की रक्षा और मजबूती के लिए आवाज उठाने और संघर्ष करने वाले सभी देशभक्तों को मैं इस अवसर पर नमन करता हूँ। जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा,विधायक हंसराज पटेल ने कार्यक्रम में मिसाबंदियो का स्वागत किया। इस दौरान जिला महामंत्री ब्रिजेश सोनी, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह टीटू,पुष्कर शर्मा, जिला प्रवक्ता मुकेश चनेजा जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल, युवा मोर्चा जिला संयोजक कमल कसाना, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति कँवर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सरदारमल यादव,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार खान, शहर मंडल संयोजक अरुण सैनी, पूर्व मंडल संयोजक विक्रम कसाना सहित जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

# किसानों को अच्छे गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग द्वारा बीज विक्रेताओं का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा कोटपूतली, पावटा व बहरोड़ क्षेत्र में कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दलों द्वारा बाजरा बीज के कुल 13 व उर्वरक का 01 नमूना लिया गया जिन्हे जांच हेतु राज्य की अधिसूचित प्रयोगशाला में भिजवाए जा रहे है। निरीक्षण दलों द्वारा कुल 07 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण किये गये एवं मैसर्स फार्मकी एग्री सर्विसेस पावटा के प्रतिष्ठान पर बिना पीसी (अनुमति) का बीज लाईसेन्स में इन्द्राज नही कराये जाने के कारण विभिन्न कम्पनीयों के कुल 1359 किलोग्राम बाजरा बीज के विक्रय पर रोक लगायी गयी एवं फर्म को भविष्य में पीसी (अनुमति) का बीज लाईसेन्स में इन्द्राज कराये जाने के मौके पर निर्देश दिये गये है ।जिले के किसान भाईयों से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के बीज, उर्वरक व कीटनाशी की खरीद अधिकृत विक्रेता से ही करे एवं खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लेवें। किसी भी विक्रेता द्वारा यदि बिल जारी नही किया जाता है तो उसकी शिकायत कृषि विभाग में अविलम्ब की जावें।

# झूठी सूचना देने पर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया इस्तगासा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शराब कारोबारी के बेटे को बंधक बनाकर 1.17 करोड़ रुपए लूट के मामले में पुलिस ने झूठी देने पर बुधवार को कोर्ट में आईपीसी की धारा 203 में इस्तगासा पेश किया है। इसके अलावा शराब कारोबारी को इस पूरे मामले के खुलासे में लगाए गए पुलिस के संसाधनों के खर्चे को लेकर नोटिस भी दिया है।

थानाधिकारी शेषकरण ने बताया कि शराब कारोबारी के बेटे को बंधक बनाकर लूट के मामले में पुलिस को गुमराह करने को लेकर उसके खिलाफ कोर्ट में इस्तगासा पेश किया गया है। इसके अलावा शराब कारोबारी से पुलिस के खर्चे को लेकर भी नोटिस जारी किया गया है। शराब कारोबारी से कितना खर्चा लिया जाएगा, इसका आंकलन किया जा रहा है। इस पूरे मामले के पर्दाफाश के लिए करीब 300 से अधिक पुलिसकर्मी लगाए गए थे और करीब पांच घंटे तक पुलिस को भागदौड करनी पड़ी थी।

गौरतल है कि सोमवार को शराब कारोबारी के बेटे को बंधक बनाकर 1.17 करोड़ रुपए लूटने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। बिजनेसमैन का बेटा बोल रहा था- बदमाश हथियारों के साथ आए और लूट कर भाग निकले। पूछताछ में नाबालिग बेटे ने ही झूठी कहानी बनाने की बात कबूल ली। साथ ही फ्लैट से रुपए लेकर गए उसकी बुआ के बेटे (फुफेरे भाई) को भी पकड़ लिया गया। सूचना में बताया गया था कि सोमवार शाम करीब 5 बजे लूट के मकसद से तीन बदमाश फ्लैट पर पहुंचे और बेल बजाई। गेट खोलते ही तीनों बदमाश हथियार दिखाकर अंदर घुस गए और गोली मारने की धमकी देकर रुपए के बारे में पूछा।



## हुक्का पिलाने वाला मैनेजर गिरफ्तार,कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त

# होटल-कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारा छापा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने होटल-कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए हुक्का पिलाने वाले मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही ग्यारह लोग हुक्का पीते हुए मिलने पर कोटपा एक्ट में चालान किया गया। पुलिस ने वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटौरी व फ्लेवर जब्त किया है। वहीं इस कार्रवाई के दौरान बार संचालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि हुक्का-बार की यह कार्रवाई ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके सिरोडिया रानी का बाग घाट की गुणी स्थित पर होटल सुनारी बाग कैफे की गई जो एक होटल की आड़ में चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर होटल की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। जहां मौके पर ग्यारह महिला-पुरुष हुक्का पीते हुए मिलने पर कोटपा एक्ट में चालान किया गया। वहीं बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे बार मैनेजर राजेश कुमार मीणा निवासी बामनवास जिला गंगापुर सिटी को होटल में नौजवान लोगों को हुक्का पिलाते हुए गिरफ्तार किया है। वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान बार संचालक मालिक संजय अजमेरा फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। इसके अलावा कुछ लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# मौसी मर गई-बुआ गुजर गई और मामा का हुआ इंतकाल



माफ करना ये शीर्षक पढ़ कर कुछ अचरज सा लगेगा कुछ बुरा भी मानेंगे लेकिन करेला कड़वा ही होता है इसलिए शरीर मे दीमक की तरह लगने वाला डायबिटीज जैसे रोग में कारगर सिद्ध भी होता है। एक दौर था जब गर्मी की छुट्टियों में इन रिश्तों का मोल हुआ करता था। कोई मामा के घर जा रहा है कोई बुआ के घर तो कोई मौसी के घर। पर अब शीर्षक देख कर समझ आ गया होगा ना। यहाँ ये रिश्ते पारले जी के बिस्कुट के पैकिट के जैसे हो गए पहले भी पांच रुपये का आता था,आज भी पांच का ही है बस बिस्किट छोटे और कम हो गए हैं। बस ऐसे ही ये अनोखे और अद्भुत रिश्ते सिर्फ घसीटे जा रहे हैं। मामा भात तक और बुआ नेक करने तक सिमित रह गई हैं और मौसी तो बेचारी कहीं की नहीं रही। आज के बच्चों को जानकारी ही नहीं कि तीन से चार दशक पहले गर्मी की छुट्टियां इन्ही रिश्तों के बीच निकलते थे,मौसी के बच्चे,मामा के बच्चे और बुआ के बच्चे कोई अंतर ना था। जमकर हल्ला गुल्ला करते,मनचाहे जैसे खेल खेलते थे। खूब दंगा करते और दोस्तों गर्मी की छुट्टियां कब खत्म हो जाती पता भी नहीं चलता। जब रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड पर छोड़ने जाते तो गले लगकर सार्वजनिक रूप से रोते,दहाड़ दहाड़ कर रोने में शर्म भी नहीं आती क्योंकि भाव दिखावे से भारी हुआ करते थे। मैं गारंटी से कह सकता हूं कि आने वाली पीढ़ियों को ये रिश्ते याद भी नहीं रह पाएंगे। उन्हें अचरज होगा कि हम इन रिश्तों में सुकून, खुशी,आनंद,शांति और वात्सल्यता का खजाना पाते थे। अब क्या करे जब माता पिता ही मोहताज हैं बच्चों से मिलने, बात करने के लिए या उनके पास बैठने के लिए तो इनकी क्या औकात है। इसलिए आज का हमारे इस आलेख का शीर्षक सत्य की परीक्षा में मैरिट से पास हुआ है। सादुवाद उन्हें जिन्होंने आज भी इन रिश्तों को संजोए रखा है, बचाए रखा है, बनाए रखा है।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,**
**दैनिक बढ़ता राजस्थान**
**अलवर संस्करण**

# कोंग्रेस ने किया सरकार की नीति के विरोध में धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने योगेश मिश्रा,जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार से सवाल तथा जनता के हितो के लिए संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में नीट यूजी के पेपर लीक के अपराधियों की गिरफ्तारी, नीट का पेपर रद्द कर दुबारा नीट की परीक्षा करवाना, अलवर जिले की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, अलवर जिले की पानी व बिजली की बिगड़ी हुई व्यवस्था में सुधार एवं अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविन्द डोटासरा जी और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली जी और कोटा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर शान्ति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पर दर्ज झूंठे मुकदमे वापस लेने को लेकर मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की 7 दिन में सरकार द्वारा ज्ञापन की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पार्षदों, नगर पार्षदों, नगर परिषद एवम पालिकाओं के चेयरमैनो, पंचायत समिति के प्रधानों, पी सी सी, डी सी सी, बी सी सी और एमसीसी के पदाधिकारियों,वरिष्ठ कांग्रेस जनों, कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से धरना एवम प्रदर्शन करेंगे तथा उसके बाद जिला मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक दीपचंद खैरिया, विधायक कांति मीणा, विधायक ललित यादव, विधायक मांगीलाल मीणा, पूर्व विधायक राजेंद्र गन्डुरा, कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, अशोक सैनी, नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, बलराम यादव, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, योगेश मीणा, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, डॉ.पायल चौधरी, लीली यादव, पुष्पेन्द्र धाबाई, राजेंद्र पाल शर्मा, गिरीश डाटा, गफूर खान,जगदीश अवस्थी, शादी खान, चंद्रभान गुर्जर, इम्तियाज, उमरदीन खान, गब्बर मीणा, शिवचरण सैनी, , हीरेन्द्र शर्मा, जमशेद खान, प्रकाश गंगावत, साजिद खान आदि मौजूद रहे।

# लूपिन के जनक स्व.देशबंधु की पुण्यतिथि पर अनेक कार्यक्रम हुए आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को संस्था लूपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा ग्राम बहाली में लूपिन लिमिटेड के जनक स्व. श्री देशबंधु गुप्ता जी की पुण्यतिथि को लूपिन कम्युनिटी डे के रूप मनाया गया इस अवसर पर संस्था के स्टेट हैड वेदप्रकाश शर्मा ने संस्था द्वारा संचालित आजीविका विकास कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई व कम्युनिटी डे पर वृक्षारोपण करना और किसानो से भी पांच पांच पोधे लगवाने हेतु जोर दिया आज संस्था द्वारा करीब 1250 छायादार एवं फलदार पौधे विभिन्न ग्रामों में लगवा कर व्रक्षारोपण करवाया गया इस अवसर पर कृषि विभाग के कृषि अधिकारी राकेश कुमार बैरवा द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई व किसानो को कृषि विभाग द्वारा 90 पैकेट बाजरा बीज के मिनिकिट वितरण किए गए । इस अवसर पर संस्था के कार्यक्रम प्रभारी राजेश घीया ने संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी गई कार्यक्रम में 75 महिला एवं पुरूष किसानो ने भाग लिया कार्यक्रम में गोपाल जी मन्दिर के महन्त अवधेश दास महाराज, ग्राम के किसान संदीप, चतर सिंह, सूरज सैनी व संस्था के लूपिन सारथी नरेश शर्मा, राजेन्द्र सैनी, अमित सिंह, सरजीत मीना उपस्थित हुए ।

# ग्राम आदमपुर तहसील बाड़ी के लोगों ने राजस्व कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर,( राजू शर्मा )।** आदमपुर तहसील बाड़ी के रहने वाले लोगों के पशु चरने के लिये आराजी खसरा नम्बर 448/673 रकबा 3.7939 हैक्ट. वाके ग्राम आदमपुर व आराजी खसरा नम्बर 814/487 रकबा 0.3793 हैक्ट. वाके ग्राम आदमपुर तहसील बाड़ी में आते हैं एवं उक्त आराजियात मे करीब 100 साल पुराना एक रास्ता है जिससे होकर समस्त गाँववासी अपनी अपनी आराजियात पर जाने एवं शमशान भूमि पर पहुँचने के लिये उपयोग व उपभोग में ले रहे हैं। उपरोक्त आराजियात को जगदीश पुत्र रतीराम जाति लोधा निवासी ग्राम आदमपुर एवं नाहर सिंह पुत्र लाखन सिंह जाति लोधा निवासी ग्राम आदमपुर एवं नाहर सिंह, बाबूलाल, शिवसिंह पुत्रगण मनोहर जातिगण लोधा निवासीगण ग्राम आदमपुर तहसील बाड़ी द्वारा एक दावा मिथ्या तथ्यों के आधार पर न्यायालय उपखण्डाधिकारी बाड़ी के यहाँ मुकदमा नं 60/13 शिव सिंह बनाम राजस्थान सरकार प्रस्तुत किया एवं जिसमे उक्त भूमाफियाओं द्वारा राजस्व कर्मचारियों द्वारा साज कर रिश्वत देकर अपने हक मे उक्त वाद का निस्तारण करा लिया है जिसकी अपील तत्कालीन तहसीलदार बाड़ी द्वारा न्यायालय भू प्रबन्धक अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील अधिकारी भरतपुर कैम्प धौलपुर के यहाँ अपील संख्या 41/16 राजस्थान सरकार बनाम शिवसिंह प्रस्तुत की।

जिसमे उक्त भूमाफियाओं द्वारा राजस्व कर्मचारियों द्वारा सांठ गांठ कर उक्त अपील का निर्णय अपने पक्ष में करा लिया। एवं उक्त प्रकरण में तहसीलदार बाड़ी एवं उपखण्डाधिकारी बाड़ी एवं तत्कालीन जिला कलेक्टर धौलपुर से सांठ गांठ कर बिना अपील उक्त प्रकरण में प्रस्तुत किये अपने नाम का दाखिल खारिज करा लिया। जिसका पता चला तो लोगों ने उपखण्डाधिकारी बाड़ी के यहाँ से उक्त प्रकारण की अपील हेतु नकल लेना चाही तो 6 महीने से नकल देने का वायदा का उपखण्डाधिकारी बाड़ी के कर्मचारीगण ईधर उधर घुमाते रहे लेकिन नकल अभी तक नहीं दी। लोगों को विदित हुआ है कि उक्त भूमाफियाओं ने न्यायलय उपखण्डाधिकारी की पत्रावलियों को न्यायालय के रिकॉर्ड रूम से गायब कर दिया है। जो पत्रावलियाँ न्यायालय रिकॉर्ड मे नहीं हैं। जिसके उपरांत उक्त भूमाफियाओं द्वारा हल्का पटवारी, तहसीलदार बाड़ी एवं उपखण्डाधिकारी बाड़ी से षड्यंत्र कर उक्त आराजी में मौजूद समस्त ग्रामवासी एवं काश्तकारों के आवागमन हेतु 100 साल पुराने रास्ते को फर्जी तरीके से अपने खसरा नम्बर में तरमीम करा लिया। उक्त भूमाफियाओं का ना तो मौके पर कोई कब्जा है और नाही उन्होने उक्त आराजी को कभी काश्त किया है।

उक्त आराजी सार्वजनिक हित की है। जिसकाउपयोग सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है। परन्तु उक्त भूमाफियागण राजस्व कर्मचारियों से साजिश कर उक्त राजकीय बेशकीमती भूमि पर कब्जा करने पर आमादा हैं जिससे मौके पर शान्ति भंग हो रही है एवं टकराव की स्थिति बनी हुई है। उक्त संबंध में तहसीलदार बाड़ी एवं उपखण्डाधिकारी बाड़ी से परिवाद देकर निवेदन किया जा चुका है परन्तु उक्तराजस्व कर्मचारीगण के द्वारा आज तक उक्त भूमाफियागण के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जावे इस दौरान सावित्री,सुनीता,किरनदेवी,मलखान, मनोज, ओमवीर,साकिनी,रामरती, आकाश सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में मानसून की दस्तक के दूसरे दिन क्षेत्र में छाई घनघोर घटायें डेढ़ घंटे में वर्षा सवा दो इंच पानी

## निचले इलाको में जलभराव के साथ बाजार में भरा पानी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** प्रदेश में प्रवेश करने के बाद आखिर दूसरे दिन मानसून धौलपुर पहुंच गया। दिन में करीब डेढ़ घण्टे से दो इंच से अधिक बारिश हुई है और शाम तक रुक-रुक कर रिमझिम बारिश का दौर लगातार जारी रहा। ऐसे में जहां शहर की सड़क जलमग्न हो गई है वहीं बाजार में भी दुकानों में पानी भराव हुआ है। ऐसे में आमजन को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम की पहली बारिश में छोटे बच्चे और युवा जहां सड़कों पर भीगते नजर आए वही हर किसी ने मानसून की पहली बारिश का स्वागत किया है। मौसम विभाग की माने तो मानसून की इस बारिश का दौर अभी एक दो दिन और चलने वाला है।

### डेढ़ घंटे में करीब सवा दो इंच बारिश

मानसूनी बारिश से पहले ही दिन रिकॉर्ड काम किया है करीब डेढ़ घंटे में 2:15 इंच बारिश दर्ज की गई है। सिंचाई विभाग के कनिष्क अभियंता सुशील कुमार गुर्जर ने बताया कि बाड़ी उपखंड क्षेत्र में डेढ़ घंटे में 58 एमएम बारिश दर्ज की गई है जो करीब सवा दो इंच है।

### एक ही बारिश में निचले इलाकों में भरा पानी, कई नाले हुए ओवरफ्लो

मानसून की पहली बारिश में ही निचले इलाकों में पानी भराव की समस्या हुई है। शहर की बजरंग कॉलोनी,होद मोहल्ला,सरमथुरा रोड,संत नगर रोड पर पानी भराव से लोगों का रास्ता निकालना मुश्किल हो गया है। वही बारिश आने से पहले जिन नालों की सफाई नहीं हुई थी उनमें बारिश का पानी पहुचते ही वे ओवरफ्लो हो गए हैं और उनका पानी सड़कों पर बह रहा है।

# 27 जून को होगा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभार्थी समारोह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अभिवृद्धि दरों से पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जायेगा। मेला ग्राउंड स्थित जिला परिषद के टाउन हॉल में लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन 27 जून 2024 को प्रात: 12 बजे वीसी के माध्यम से किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को नोडल अधिकारी एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सांख्यिकी विभाग की कार्यशाला, हर गांव का होगा सुविधाओं को लेकर रिकॉर्ड तैयार

## रेवेन्यू विलेज में लगाए प्रभारी एक महीने में देंगे रिपोर्ट, इसके बाद होगा डिस्प्ले

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी,( नि.स. )।** सांख्यिकी विभाग द्वारा शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला में ई ग्राम प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बाड़ी उपखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत के राजस्व ग्रामों के ई ग्राम प्रभारी और प्रशिक्षण अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जयपुर से आए सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक भूपेंद्र सांवरिया ने बताया की राजस्थान सरकार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। जिसका उद्देश्य प्रत्येक राजस्व ग्राम की सुविधाओं और कमियों को ऑनलाइन डिस्पले करना है। इस योजना के तहत प्रत्येक राजस्व गांव के प्रभारी लगाए गए हैं जिन्हें एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यशाला को लेकर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण सिंह मीणा ने बताया की शिक्षा विभाग,सांख्यिकी विभाग,राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयास से ब्लॉक के प्रत्येक राजस्व गांव पर प्रभारी नियुक्त किए हैं। इन प्रभारीयो को प्रशिक्षण में यह बताया गया है कि उनको उनसे जुड़े रिवेन्यू विलेज में 12 विभागों से जुड़ी जानकारी की सूची तैयार करनी है। जिसमें राजस्व, कृषि, शिक्षा,सड़क, पेयजल, बिजली सहित सभी विभागों की जानकारी जुटाना है। उक्त जानकारी में उंस गांव में मेडिकल सुविधा है या नहीं, कृषि को लेकर क्या व्यवस्था है,शिक्षा में कितने स्तर का स्कूल है। पेयजल और बिजली की क्या व्यवस्था है। यह सारा रिकॉर्ड एकत्रित करना है। जिसके लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि दी है। इस रिकार्ड को ब्लॉक के सांख्यिकी विभाग के कार्यालय में जमा कराया जाएगा। जहां से जिला कलेक्टर और जिले के उच्च अधिकारियों के माध्यम से यह पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन डिस्प्ले के लिए जयपुर जाएगा। बैठक के दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सुरेंद्र कुमार मीणा,महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव,मुकेश कुमार,भगवान सिंह मीणा सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

## पंचायती राज उपचुनाव के मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

# प्रत्येक चुनाव महत्वपूर्ण, पारदर्शिता का रखें ध्यान : श्रीनिधि बी टी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** जिले में सरपंच और पंचायत समिति सदस्य के उपचुनाव में नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला कलेक्ट्रेट में संपन्न हुआ जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने ईवीएम से चुनाव संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु मॉक पोल, मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईवीएम सीलिंग एवं मतदाताओं के पहचान पत्रों को देखकर चुनाव कराने की बात कही। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्येक चुनाव को महत्वपूर्ण मानते हुए उपचुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में ईवीएम संचालन में पिंक पेपर सील, स्ट्रिप सील और स्पेशल टैग द्वारा सीलिंग, ईवीएम द्वारा सरपंच चुनाव की मतगणना, प्रथम द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों के कार्यों में पहचान सुनिश्चित करने, मतदाता पर्ची बनाने, मतदाता रजिस्टर का संधारण, अमिट स्याही के उपयोग की जानकारी प्रशिक्षक अतुल चौहान ने दी। उन्होंने प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने में सावधानी रखने की प्रथम मतदान अधिकारी और ईवीएम एवं मतदाता रजिस्टर में मतों की एकरूपता रखने हेतु तृतीय मतदान अधिकारी से गंभीरता पूर्वक कार्य करने को कहा। प्रशिक्षण में उपस्थित मतदान अधिकारियों द्वारा पूछे गए विशेष प्रकरणों में टेंडर वोट, ईवीएम में आने वाली त्रुटियों संबंधी प्रश्नों का समाधान विशेष सत्र में किया गया। प्रशिक्षण में बालमुकुंद बंसल, तहसीलदार कालीचरण, चुनाव शाखा के नरेश परमार, होतम सिंह ने मतदान पार्टियों की रवानगी, मतदान दिवस की व्यवस्थाओं एवं मतगणना संबंधी जानकारी दी।

# स्कॉर्पियो और 10 लाख रुपए के लिए बहू की हत्या : पिता का आरोप- ससुराल वाले बोलते थे दहेज भिजवाओ; रस्सी से पैर बांधकर पीटा था

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** अलवर में स्कॉर्पियो कार और 10 लाख रुपए के लिए बहू की हत्या करने का मामला सामने आया है। पिता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए बेटी को परेशान करते थे। पति और सास-ससुर ने जहर देकर बेटी से मारपीट की। इलाज के दौरान मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। पिता ने अकबरपुर थाने में पति अर्पित, ताऊ ससुर हरिनारायण और सास मीरा के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। अकबरपुर थाना प्रभारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया- पिता की रिपोर्ट पर विवाहिता से मारपीट और हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव पीहर पक्ष को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।साल 2015 से चल रही थी दहेज की डिमांड अकबरपुर के धवाला गांव में रहने वाले सुनील ने बताया- मेरी बेटी सानू (27) की जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के कोटखावदा गांव में रहने वाले अर्पित के साथ बचपन में शादी की थी। उसका 2015 में गौना किया था। दामाद का गांव में ही फोटो स्टूडियो है। वह शादी और अन्य फंक्शन में फोटोग्राफी करता है। शादी के बाद से बेटी को उसका पति और ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। दामाद और ताऊ ससुर स्कॉर्पियो कार व 10 लाख रुपए की मांग करते थे। दामाद का ताउ बार-बार फोन कर बोलता था कि दहेज भिजवाओ, वरना पिटाई करते रहेंगे। यह सिलसिला 2015 से लगातार चल रहा था।

### भाई को जख्मी हालत में मिली

पिता ने बताया- सानू के ससुराल से रविवार को फोन आया कि आपकी बेटी को ले जाओ। तब सोमवार को बेटे को बेटी के ससुराल भेजा। वहां बेटी गंभीर हालत में मिली। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। बेटा उसे अलवर लेकर आया और हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। उसके बाद दूसरे हॉस्पिटल लेकर गए। हॉस्पिटल में बेटी से पूछा तो उसने बताया था कि उसे जहर पिलाकर पीटा गया। पैर को रस्सी से बांधा गया। उसके हाथ, कंधे और पेट पर चोट के निशान थे। इलाज के दौरान मंगलवार रात करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। मौत के बाद भी ससुराल की तरफ से कोई नहीं आया।

# अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश हेतु करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** अल्पसंख्यक मामलात विभाग राजस्थान सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 की अवधि में जिले में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश हेतु जिला मुख्यालय पर कक्षा 9 से उच्चतर कक्षाओं व पाठ्क्रमों में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अल्पसंख्यक छात्रावास में गुणवत्तापूर्वक नाश्ता एवं भोजन, विस्तर, पलंग, अलमारी, खाने के बर्तन, गद्दे, तकिए, कंबल, कुर्सी, टेबल इत्यादि सामग्री आवासीय रहने पर निशुल्क प्रदान की जायेगी। अल्पसंख्यक छात्रावासों में प्रवेश हेतु आवश्यक अहर्ताओं व दस्तावेजों का विवरण आवेदन पत्र में अंकित है। इच्छुक छात्राएं अपना आवेदन पत्र 31 जुलाई 2024 तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकती हैं

# इलेक्ट्रीशियन से मारपीट, रेजिडेंट पर बड़ी कार्रवाई : दूसरे विभाग में करनी होगी नाइट ड्यूटी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में बिजली दुरुस्त करने आए एक इलेक्ट्रीशियन के साथ शराब के नशे में रेजिडेंट डॉक्टर के मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को पीड़ित इलेक्ट्रीशियन ने शिकायत भी दी. इस मामले में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना के हस्तक्षेप से पूरा मामला अनुशासन समिति को भेज दिया गया था। इसके बाद अनुशासन समिति के समक्ष पीड़ित और आरोपी रेजिडेंट डॉक्टर पेश हुआ था. इस मामले में अनुशासन समिति के अनुशंसा पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में रेजिडेंट डॉक्टर को 15 दिन नाइट ड्यूटी दूसरे डिपार्टमेंट में करने के निर्देश दिए हैं मेडिसिन विभाग के रेजिडेंट डॉ. विकास डाबर के खिलाफ मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को शिकायत मिलने के बाद डिसिप्लिन कमेटी को भेजा गया था. अनुशासन समिति ने 5 जून 2024 को अपनी कार्रवाई को पूरा करते हुए रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को भेज दी थी। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन में इस प्रसंज्ञान लेते हुए रिपोर्ट के आधार पर डॉ. डाबर के खिलाफ करवाई की है। वह मेडिसिन विभाग में एमडी कर रहे हैं, लेकिन अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त उन्हें सजा के रूप में सर्जरी विभाग में 15 नाइट ड्यूटी करनी होगी। यह ड्यूटी भी सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और वर्कशॉप इंचार्ज डॉ. नवनीत पाराशर के अधीन करनी होगी. इसके साथ ही रेजिडेंट डॉ. डाबर को पाबंद किया है कि इस तरह की घटना अगर दोबारा हुई तो उन पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित पीजी हॉस्टल नंबर दो में पीड़ित इलेक्ट्रीशियन पन्नालाल के अनुसार 15 मई की रात को करीब 3 बजे हॉस्टल में बिजली गड़बड़ा जाने दुरुस्त करने के पहुंचा था. वहां शिकायतकर्ता मेडिसिन विभाग का रेजिडेंट डॉ. विकास डाबर को फोन किया तो उन्होंने पहले गाली-गलौच की और फिर नीचे आने की बात कही. इसके बाद डॉ. डाबर ने जबरन अपने कमरे में सुलाने का प्रयास पन्नालाल को किया था. बाद में डॉ. डाबर ने मारपीट शुरू कर दी. उसकी लात-घूसों से जमकर पिटाई की थी।

# क्राउड फंडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी कंपनी बना कर इन्वेस्टमेंट का झांसा दिया

## पुलिस ने 2 डायरेक्टर को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों ने एमएलएम (मल्टीलेवल मार्केटिंग) कंपनी बनाई। लोगों को मुनाफे का लालच देकर कम्पनी में इन्वेस्ट करवाया। फिर रुपए लेकर कंपनी का ऑफिस बंद करके फरार हो गए। मामला सामने आने के बाद जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। एसआईटी की टीम ने कंपनी के डायरेक्टर ओम प्रकाश नागर (37) निवासी निवासी नगरफोर्ट जिला टोंक हाल निवासी गुलमोहर गार्डन वाटिका जयपुर व विष्णु सैनी (44) निवासी नैनवा थाना क्षेत्र जिला बूंदी, हाल गोवर्धन चौक, बजरंग नगर कोटा / बीटी रोड़ मध्यम मार्ग मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपियों के पास से 10 करोड़ का हिसाब किताब की बात सामने आई है। डीएसपी राजेश टेलर के अनुसार 23 जुलाई 2023 को फरियादी नरेश कुमार दीक्षित ने कोतवाली थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि मैंने व मेरे परिचितों ने स्काई हाई विन कंपनी में 42 लाख का निवेश किया। कंपनी ने मुनाफा देने के नाम पर हमारे पैसे हड़प लिए। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कंपनी के दो डायरेक्टर को पकड़ा है। एसआईटी की टीम कोटा व जगह पर स्काई हाई विन के ऑफिस खोलने व सॉफ्टवेयर डेवलपर के संबंध में जांच कर रही है। साथ ही लोगों से ठगी गई रकम बरामद के बारे में पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपियों ने साल 2021-22 में स्काई हाई विन नाम से एमएलएम कंपनी बनाई। झालावाड़ रोड़ स्थित एक होटल में ऑफिस खोला। कंपनी क्राउड फंडिंग के आधार पर काम करती। यानी भीड़ का पैसा भीड़ को बांटती। 2000 रुपए लेकर आईडी बनाते। इसके बाद आईडी के नीचे जितने लोग जुड़ते जाते, उतना ही कमीशन मिलता रहता। इसी लालच में लोग कम्पनी से जुड़ते गए। इधर कंपनी ने मौका देखकर ऑफिस बंद कर दिया। डायरेक्टर पैसे लेकर फरार हो गए। अब तक ठगी के शिकार 15-20 पीड़ित सामने आ चुके है।

# 57वें राष्ट्रीय श्रावणी तीज मेले की तैयारियां प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** श्रावणी तीज महोत्सव आयोजन समिति की ओर से पारम्परिक तीज माता की सवारी और तीज मेले की तैयारियों शुरु कर दी गई हैं। मेला अध्यक्ष बसंत कुमार भरावा ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र हाट रोड पर पिछले 56 वर्षों से राष्ट्रीय श्रावणी तीज मेला आयोजित होता आया है। जिसमें 11 दिवसीय आयोजन के तहत विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। समिति की बैठक में शोभायात्रा और मेले को भव्यता प्रदान करने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को तीज माता की पूजा और सवारी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही, मेले का शुभारंभ होगा। खाटू श्याम जी की भजन संध्या से मेले की विधिवत शुरुआत होगी। मेले के सांस्कृतिक संयोजक कर्मयोगी राजाराम जैन ने बताया कि हर वर्ष कुछ नयापन करने के प्रयास के चलते इस बार भी विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन से मेले को भव्य रूप दिया जाने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति की धरोहर मेलों का वास्तविक स्वरूप हमेशा बना रहे। इस बात का ख्याल रखते हुए लोक कलाकारों द्वारा मेले में सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। मेला संयोजक श्याम भरावा ने बताया कि मेले में सुर संध्या, मिले सुर मेरा तुम्हारा, गायन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन की तिथि 25 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। मंच संचालक एंकर नरेश कारा ने बताया कि इस बार मेले में सिंगिंग कंपीटीशन को तीन वर्गों में बांटा गया है। उम्र के हिसाब से प्रथम कैटेगरी 6 वर्ष से 17 वर्ष, द्वितीय कैटेगरी 18 से 45 वर्ष, तृतीय कैटेगरी में 45 वर्ष से अधिक सभी को लिया जाएगा। इस बार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जयपुर, झालावाड़, बूंदी से भी भारी संख्या में बच्चों और बड़ों ने आवेदन किए हैं। उन्होंने बताया कि 11 दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस बार नयापन लाने के लिए कोटा के स्थानीय उभरते नृत्य कलाकारों का भी ध्यान रखा गया है। जूरी मैंबर्स द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# ऊर्जा मंत्री की सांगोद में जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर दो दिवसीय दौरे पर जिले में रहेंगे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री 27 जून को रात्रि में कोटा पहुंचकर 28 जून को प्रातः 9 बजे सांगोद के लिये प्रस्थान करेंगे एवं प्रातः 10 बजे पंचायत समिति सांगोद प्रांगण में जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई में क्षेत्र की जनसमस्याओं से जुड़े सभी मुद्दों पर ऊर्जा मंत्री जनसमस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान पंचायत समिति सांगोद एवं सुल्तानपुर के सदस्यगण, जिला परिषद सदस्य, सरपंच एवं पार्टी के पदाधिकारी जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिले के समस्त विभागों के जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती तक कपासन में भाजपा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का संचालन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधायक जीनगर द्वारा मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गयी।उक्त अभियान का संचालन भाजपा द्वारा 6 जुलाई तक किया जायेगा।

भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष पंकज सिरोया ने बताया कि नगर में स्थित कपासन विधायक कार्यालय के समीप उद्यान में विधायक अर्जुनलाल जीनगर,भाजपा आकोला मंडल अध्यक्ष भीम सिंह झाला,भाजपा सावा मंडल अध्यक्ष राजकुमार सुखवाल की उपस्थिति में शहतूत का पौधा लगाकर उक्त अभियान की शुरुआत की गयी।इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर विधायक जीनगर ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई जयंती तक क्षेत्र के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया है।इसके तहत भाजपा के समस्त मंडल के शक्ति केंद्रों पर पेड़ लगाने का अभियान 6 जुलाई डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती तक संचालित किया जायेगा। नगर पालिका कपासन पार्षद अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अवसर पर विकास कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी संचालक मंडल के सदस्य एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका कपासन पार्षद नंदकिशोर टेलर,दिनेश सोनी,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, अधिवक्ता राधेश्याम वैष्णव,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,चेतन शर्मा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,रतनलाल शर्मा,प्रकाश चौधरी,कैलाश अहीर,जिला परिषद सदस्य शंभूलाल गाडरी,मनीष बारेगामा,कार्यालय सहायक केशर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांगोद क्षेत्र में 28.33 करोड़ की लागत से तालाबो का होगा जीर्णोद्धार

## अटल भू-जल योजना में डेढ़ दर्जन से भी अधिक तालाब हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के प्रयासों से सांगोद क्षेत्र में अटल भू-जल योजना में डेढ दर्जन से भी अधिक तालाबों का 28.33 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा। योजना के अन्तर्गत क्षेत्र में तालाब, एनीकट, वाटर, हार्वेस्टिंग संरचना, तलाई सेतु समेत 21 कार्य होंगे। मंत्री नागर ने बताया कि योजना के अन्तर्गत ढाई करोड़ की लागत से लक्ष्मीपुरा में गंगा सागर मॉडल तालाब का निर्माण, अमृतकुआं पंचायत में 1 करोड़ 5 लाख रूपए की लागत से तालाब, लोढाहेड़ा में 1 करोड़ 98 लाख की लागत से एनीकट, दांता में 3 करोड़ 95 लाख की लागत से एनीकट, हनुवतखेड़ा में 1 करोड 40 लाख की लागत से नाला निर्माण, मंडाप में 2 करोड की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य, मोईकलां में 70 लाख रूपए की लागत से तालाब जीर्णोद्धार, डाबरी खुर्द में 2 करोड की लागत से तालाब जीर्णोद्धार कार्य, सनखेड़ा में 55 लाख की लागत से नाला निर्माण, विनोद कलां में 70 लाख की लागत से खेड़ा धीरपुर तालाब का निर्माण कार्य कराया जाएगा।



उन्होंने बताया कि क्षेत्र के धूलेट गांव में 45 लाख की लागत से नाले पर एनीकट, कुन्दनपुर में 2 करोड़ की लागत से मंडाप रोड पर एनीकट, उमरहेड़ी में 85 लाख रूपए की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार, अतरालिया में 1 करोड़ 25 लाख की लागत से एनीकट, रूसलिया में डेढ करोड रूपए की लागत से तालाब, भूलाहेड़ी में 1 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से तथा डोबड़ा में 1 करोड़ 45 लाख रूपए व बाछीहेड़ा में 1 करोड़ रूपए की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। वहीं कनवास में 30 लाख रूपए की लागत से मिट्टी की तलाई का कार्य तथा दीगोद में 85 लाख रूपए व जगदीशपुरा में 45 लाख रूपए की लागत से एनीकट का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# शुद्ध आहार -मिलावट पर वार अभियान : 7 संस्थानों का निरीक्षण

## 13 नमूने लिए एंव 360 डब्बे कुकिंग मिडियम (खाद्द तेल) के सीज किये

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ. रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि दिनाकं 25 जून को शिकायत के आधार पर स्माल स्केल ईडस्टीयल एरिया स्थित एक संस्थान से दो नमूने खाद्द तेल कुकिंग मिडियम के तहत लेकर 360 डब्बे प्रत्येक 500 एम एल सीज किया। टीम ने शिकायत के आधार पर 25 जून को भी कार्रवाई करते हुए मोदी कालेज रोड दादाबाड़ी स्थित एक डेयरी का निरीक्षण कर 8 नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिए थे। खाद्द सुरक्षा टीम की लगातार हो रही कार्यवाही से कोटा में कचोरी/नमकीन विक्रेताओं में जागरूकता फैली है। दिनांक 26 जून बुधवार को नयापुरा स्थित चार कचोरी विक्रेताओं के यहां टीपीसी मीटर द्वारा तेल की जांच की गई, सभी स्थानों पर कचोरी तलने का तेल टीपीसी में मानक स्तर को पाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शापिंग मार्ट का भी नियमित निरीक्षण किया जा रहा है इसी की निरंतरता में बुधवार के टीम ने गुमानपुरा स्थित एक शॉपिंग मेगा मार्ट का निरीक्षण करते हुए घी (प्योर ब्रस्ट) एंव दो पैक्ड ज्यूस के नमूने मिलावट के शक के आधार पर लिए गए। इस घी व पैक्ड ज्यूस के निर्माता स्वयं शॉपिंग मेगा मार्ट ही हैं। लिए गए नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी । टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन ,नितेश गौतम व सहायक चेतराम मीणा मौजूद रहे।

# गंगापुर में अतिक्रमियों की पो बारह, स्थायी अधिकारी नहीं होने से हो रहा है अतिक्रमण



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाड़ा (नि.स.)।** गंगापुर नगरपालिका क्षेत्र में इन दिनों अतिक्रमणकारियो की पो बारह हो चुकी है ।पालिका में अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त चलने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि पालिका की करोड़ों रुपए की बेशकीमती जमीन पर भी अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है हालांकि पालिका के कर्मचारियों ने मौके पर जाकर एक बार काम तो रुकवाया लेकिन अतिक्रमियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि उनको नियम कायदों की कोई परवाह नहीं होकर उन्होंने अवैध निर्माण को अभी तक भी जारी रख रखा है। मामला कृषि मंडी रोड पर एक निजी आरा जी के बाहर का है जो की मैरिज गार्डन के रूप में उपयोग होती आई है। इसके आगे ही नगर पालिका की मालिकाना हक की जमीन है जिस पर इन दिनों अवैध निर्माण कर दुकानों का काम चलाया जा रहा है ।राजनीतिक संरक्षण के चलते इस अवैध निर्माण को रुकवाने में आला प्रशासनिक अधिकारी भी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

### इनका कहना है

मेरे ध्यान में अतिक्रमण की शिकायत आते ही टीम को मौके पर भेजा और काम रुकवा दिया है, पूरे मामले की जांच पड़ताल कर किसी भी सूरत में अतिक्रमियों को नहीं बखशेंगे, पूरी पत्रावली का भी अवलोकन करेंगे।

**करणी सिंह**
**सौदा,कार्यवाहक**
**ईओ,नगरपालिका ,गंगापुर**

# कोटा के स्वतंत्रता सेनानी गणपतलाल शर्मा को सीएम ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आपातकाल की बरसी पर सीएम आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा कोटा के स्वतंत्रता सेनानी गणपत लाल शर्मा को सम्मानित किया गया है। शर्मा आपातकाल के दौरान अजमेर जेल में बंद रहे थे। उनके साथ पूर्व मंत्री स्व. रघुवीर सिंह कौशल, स्व. प्रोफेसर केदार, हाईकोर्ट के न्यायाधीश स्व. गुमानमल लोढ़ा भी हिरासत में रहे। लोकतंत्र सैनानियों के संगठन ने मुख्यमंत्री का आभार जाताया है।

# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की तृतीय अकादमी परिषद की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय द्वारा आगामी सत्र 2024-25 को विधिवत संचालन करने की दृष्टि से अकादमी परिषद की बैठक का आयोजन आज विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। बैठक का संचालन कुल सचिव महोदय एन.के. शर्मा ने संभाला तो बैठक की सभापति का दायित्व वाइस चांसलर डॉक्टर डी.पी. तिवारी ने संभाला। जहां की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की संपादित कार्यवाही का अनुमोदन कर स्वीकृति प्रदान की गई। सत्र 2024- 25 से प्रारंभ होने वाले प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के संचालन एवं उनके पाठ्यक्रमों पर विचारोप्रान्त सहमति व्यक्त करते हुए अनुमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में प्रारंभ किए गए अनुसंधान कार्यक्रम अंतर्गत कोर्स वर्क के लिये निर्मित पाठ्यक्रम का विचारोप्रान्त अनुमोदन व विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई 2024 में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के विधिवत एवं भव्य आयोजन हेतु सुझाव लिए गए एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों/ मुद्दों पर चर्चा की गई।

# ऊर्जा मंत्री नागर के आवास पर अतिशबाजी कर बांटी मिठाई, बिरला के स्पीकर बनने पर जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ओम बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी प्रकट की है। कार्यकर्ताओं ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के आवास पर आतिशबाजी की और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। मंत्री नागर ने भी नवनिर्वाचित स्पीकर से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं। मंत्री नागर ने कहा कि बिरला के फिर से स्पीकर बनने से कोटा और राजस्थान प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। डबल इंजन की सरकार के साथ ही प्रदेश का



स्पीकर होने से पिछली सरकार में रुके हुए विकास को आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने पीएम मोदी समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिरला पर फिर से विश्वास करके भाजपा संसदीय दल ने कोटा और राजस्थान का मान बढ़ाया है। अब सभी मिलकर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश अयाना, पूर्व जिला मंत्री कोटा देहात रघुराजसिंह सोलंकी, जिला महामंत्री कोटा देहात ललित शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा युधिष्ठिर खटाना, पंचायत समिति सदस्य बृजबाला शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवली शिवराज नागर, शिव कुमार भड़क, लक्ष्मीचंद नागर धुलेट समेत कई लोग मौजूद रहे।

## कोटा में ऐतिहासिक आतिशबाजी और हर्षोल्लास

# बिरला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने बधाई : डॉ. दुर्गा शंकर सैनी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** नयापुरा क्षेत्र के महर्षि नवल सर्किल के पास प्रबुद्जन,पार्षद गण,सर्व समाज , माली समाज तथा श्री मंगलेश्वर व्यायामशाला की ओर से समाज सेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी प्रकट की गई एक दूसरे को बधाईयां दी आमजनों को बूंदी के लड्डू और नुकत्ती का प्रसाद बाटा। इस अवसर पर समाज सेवी सैनी, गुरु नाथूलाल पहलवान, पार्षद राकेश पुटरा , वैभव सैनी, प्रभुलाल, पूर्व पार्षद जगदीश सिंह मोहिल, भानुप्रताप, दीपक सुमन, बाबूलाल प्रजापति, बब्बू बना, मनोज परमार,देवेंद्र मेहरा, बंटी ,प्रकाश सैनी,विनोद मुकेश मालव, गौरव तंवर सहित सेकड़ो उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधि सेवा समिति द्वारा थाना परिसर अंता में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें पीएलबी प्रेमलता खत्री ने बताया की नशीली चीजों पदार्थों के निवारण हेतु प्रत्येक 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है नशा सामाजिक शांति एवं बुद्धि पर प्रभाव डालता है युवा में बढ़ रहे नशे की रोकथाम की जानी चाहिए नशा एक ऐसी बीमारी है जो युवा पीढ़ी में बढ़ती जा रही नशे की रोकथाम के जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहे हैं ईस शिविर के दौरान थाना अधिकारी दिग्विजय सिंह गुर्जर ने कहा शराब सिगरेट तंबाकू गांजा जैसे नशीले पदार्थ से युवाओं को दूर रहना चाहिए स्मैक की लत पड़ गई तो मरने के बाद ही छुठती है हमें नशीली वस्तुओं के सेवन से दूर रहना है इस दौरान अंता थाने के सहायक निरीक्षक कल्याण सिंह, पैनल अधिवक्ता एडवोकेट पुरुषोत्तम



बिसारती, एडवोकेट आशा सुमन, एडवोकेट देशराज मेहरा, पार्षद प्रेम शंकर शांत मौजूद रहे।

# पत्रकार पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)। जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जालोर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जालोर के पत्रकार मुकेश कुमार सुन्देशा को परिवादी से पचास हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को परिवादी ने शिकायत दी कि सरकारी कार्य में दलाली कर कमाई करवाने एवं अखबार में खबरें नहीं छापने की एवज में जालोर का पत्रकार मुकेश कुमार सुन्देशा की ओर से पचास हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग की जा रही है। जिस पर एसीबी जालोर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पत्रकार मुकेश कुमार सुन्देशा को पचास हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# अर्शदीप सिंह पर लगा बॉल टैम्परिंग का आरोप

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15वें ओवर में किया कुछ ऐसा, इंजमाम बोले - हम करते तो शोर मच जाता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बिना कोई मुक़ाबला हारे सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं दूसरी ओर भारत के चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान का प्रदर्शन इस टी20 वर्ल्ड कप में बेहद खराब रहा। वह ग्रुप स्टेज के पहले दो मुक़ाबले हार कर पहले दौर में ही बाहर हो गया है। भारत अब इंग्लैंड के खिलाफ 27 जून को सेमीफाइनल मुक़ाबला खेलेगा। इससे पहले पाकिस्तान के महान खिलाड़ी और पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने बाएं हाथ के भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर एक संगीन आरोप लगाया है। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज पर बॉल टैम्परिंग का आरोप लगाया है और कहा है कि जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15वे ओवर में अर्शदीप रिवर्स स्विंग फेंक रहे थे, ऐसा कैसे पॉसिबल है। इंजमाम ने पाकिस्तान के स्पोर्ट्स 24 न्यूज चैनल के शो में कहा कि भारत के गेंदबाज रिवर्स स्विंग सुनिश्चित करने के लिए अपनी गेंदों में बदलाव कर रहे हैं। इंजमाम ने कहा, 'अर्शदीप जिस समय 15वां ओवर कर रहा था, उस समय गेंद रिवर्स स्विंग हो रही थी। किसी तेज गेंदबाज के लिए गेंद पर रिवर्स स्विंग पाने के लिए खेल का 14वां या 15वां ओवर थोड़ा जल्दी होता है। अंपायर को इसे चेक करना चाहिए था कि कहीं भारत ने गेंद से छेड़-छाड़ तो नहीं की?'

# कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम की मांग

## फिलहाल डीके शिवकुमार इस पद पर हैं



बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठ रही है। कर्नाटक के कुछ मंत्री वीराशैवा-लिंगायत, स्ष्ट/स्ञ्च और माइनॉरिटी कम्युनिटी के नेताओं को डिप्टी सीएम दिए जाने की पैरवी कर रहे हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि इस मामले में कांग्रेस हाईकमान का फैसला फाइनल होगा। फिलहाल कर्नाटक में डिप्टी सीएम के पद पर वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार हैं। को-ऑपरेशन मिनिस्टर केएन राजन्ना, हाउसिंग मिनिस्टर बीजेड जमीर अहमद खान, पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर सतीश जारकीहोली समेत कई अन्य नेताओं ने इस हफ्ते राज्य में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने का मामला उठाया। ये सभी नेता सिद्धारमैया के करीबी माने जाते हैं।

### कुछ नेताओं का मत- यह शिवकुमार को काबू में रखने का प्लान

राज्य में कांग्रेस के एक धड़े का मानना है कि मंत्रियों का तीन नए डिप्टी सीएम की मांग करना सिद्धारमैया कैंप के प्लान का हिस्सा है, ताकि मौजूदा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को काबू में रखा जा सके और सरकार और पार्टी में उनके प्रभाव को कम किया जा सके। दरअसल पिछले साल मई में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के समय से ऐसी चर्चाएं हैं कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद शिवकुमार सीएम पर दावेदारी कर सकते हैं।

मई में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के जीतने के बाद सीएम पद के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार- दोनों ने दावेदारी पेश की थी। कांग्रेस ने सिद्धारमैया को सीएम पद देते हुए तय किया था कि डीके शिवकुमार राज्य के इकलौते डिप्टी सीएम रहेंगे।

# डूंगरपुर में एमबीबीएस स्टूडेंट की रैगिंग, किडनी और लिवर डैमेज

## 300 उठक-बैठक लगवाई थी, करवानी पड़ी डायलिसिस; 7 स्टूडेंट्स सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के 50 से ज्यादा स्टूडेंट के साथ रैगिंग हुई। इसके बाद कई की हालत बिगड़ गई। सीनियर स्टूडेंट (एमबीबीएस सेकेंड ईयर) ने फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट को कॉलेज के पास एक पहाड़ी पर बुलाया। उनसे 300 से ज्यादा उठक- बैठक करवाई। एक लड़के की किडनी और लिवर डैमेज हो गया है। एक अन्य लड़के को भी हॉस्पिटल में भर्ती करवाना पड़ा था। उधर, आरोपी सेकेंड ईयर के 7 स्टूडेंट को कॉलेज से सस्पेंड कर दिया गया है। मामला डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज का है। सदर थानाधिकारी गिरधारी सिंह ने बताया- मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर के प्रिंसिपल एस बाला मरगुनवेलू की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। रैगिंग की ये पूरी घटना डेढ़ महीने पहले 15 मई की है। रिपोर्ट के अनुसार- मेडिकल कॉलेज में ही फर्स्ट ईयर एमबीबीएस के स्टूडेंट हर्षित खन्ना (बदला हुआ नाम) के साथ रैगिंग हुई है। सेकेंड ईयर एमबीबीएस के सीनियर स्टूडेंट देवेंद्र मीणा, अंकित यादव, रविंद्र कुलरिया, सुरजीत, विष्णेंद्र धायल, सिद्धार्थ परिहार और अमन रागेरा ने हर्षित खन्ना को कॉलेज के पास ही एक पहाड़ी पर बुलाया। इसके बाद उसकी रैगिंग करते हुए 300 से ज्यादा उठक-बैठक करवाई थी।

### प्रिंसिपल ने रिपोर्ट दर्ज कराई

उसका डूंगरपुर के हॉस्पिटल में इलाज करवाया गया, लेकिन कोई आराम नहीं हुआ। परिवार वाले उसे गुजरात के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। जांच में हर्षित की किडनी और लिवर पर असर होना बताया। इसके बाद उसकी 4 बार डायलिसिस करनी पड़ी। कॉलेज प्रिंसिपल ने रैगिंग लेने वाले सभी 7 स्टूडेंट को सस्पेंड कर दिया है। प्रिंसिपल की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने 7 स्टूडेंट के खिलाफ रैगिंग का केस दर्ज कर लिया है। सदर थानाधिकारी गिरधारी सिंह मामले की जांच कर रहे हैं। पीड़ित स्टूडेंट हर्षित खन्ना ने बताया- मेरे साथ फर्स्ट ईयर के 50 से ज्यादा स्टूडेंट थे। इन लड़कों साथ भी रैगिंग हुई है। सेकेंड ईयर के 40 सीनियर स्टूडेंट ने सभी जूनियर स्टूडेंट से उठक-बैठक करवाई।

# मानूसन: आठ जिलों में बरसा नीर

## जयपुर में भी हुई छितराई बारिश, पाली में दुकान का छज्जा गिरा, भाई-बहन की मौत




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसून के प्रदेश में प्रवेश के बाद आठ जिलों में बुधवार को पानी बरसा। जयपुर में कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई जिसे फिलहाल प्री-मानसून में माना जाएगा। अलवर, नागौर, चित्तौड़गढ़, पाली, सिरोही, भरतपुर और उदयपुर में बुधवार दोपहर मौसम बदला और करीब आधे घंटे तक बरसात हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

पाली जिले के बाली क्षेत्र में बीजापुर में राता महावीर जी रोड पर दोपहर करीब 3 बजे बारिश से बचने के लिए दुकान के बाहर बैठे लोगों पर छज्जा गिर गया। हादसे में भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां और एक अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। घायलों को बाली अस्पताल में प्राथमिक इलाज करने के बाद सुमेरपुर रेफर कर दिया। जयपुर के वैशाली नगर इलाके में दोपहर करीब 12.30 बजे आधे घंटे तक तेज बरसात हुई। नागौर में दोपहर 12 बजे बारिश शुरू हुई, जो करीब 10 मिनट तक चली। अलवर शहर और जिले के प्रतापगढ़ इलाके में भी बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। यहां दोपहर करीब साढ़े बारह बजे से आधे घंटे तक बारिश का दौर चला। भरतपुर जिले के बयाना उपखंड समेत आसपास के गांवों में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। तेज हवा और बादलों की गर्जना के साथ करीब एक घंटे तक बरसात हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

# भिवाड़ी की दवा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद तीन शव और मिले

## मरने वालों की संख्या चार हुई, एक दर्जन से अधिक अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार शाम दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में धमाका हुआ था। हादसे में एक कर्मचारी झुलसकर बेहोश हो गया था जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत गई थी। 12 अन्य कर्मचारी झुलस गए थे। दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के समय फैक्ट्री में 50 से अधिक कर्मचारी थे। तीन कर्मचारियों की कोई खबर न हीं मिल रही थी। इस पर बुधवार को फैक्ट्री की सर्चिंग की गई। इस दौरान तीनों के शव मिले। हादसा खुशखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ था। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे इस फैक्ट्री में धमाका हुआ। तिजारा पुलिस के अनुसार मिर्जापुर (यूपी) निवासी अजय (24) पुत्र जटा शंकर झुलसकर बेहोश हो गया था। उसे पीछे वाले दरवाजे से निकाल कर प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

### दो शव नीचे और एक शव पहली मंजिल पर मिला

इस पूरे घटनाक्रम के बाद तीन कर्मचारी लापता थे। उनकी खोज के लिए मंगलवार रात 12 बजे तक नाइट विजन लाइट्स और अन्य इक्विपमेंट के साथ फैक्ट्री में की गई। पर कोई सफलता नहीं मिली। बुधवार को दुबारा सुबह 8 बजे से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। ग्राउंड फ्लोर पर पड़े मलबे को हटाया तो इसमें दो शव मिले। इनकी पहचान यूपी निवासी विकास (24) पुत्र अभयराज और अमेठी (यूपी) निवासी विशाल (22) पुत्र राजकुमार सिंह के तौर पर हुई है। इसके बाद फैक्ट्री के फर्स्ट फ्लोर पर सर्चिंग की गई। यहां जम्मू-कश्मीर निवासी राजकुमार (34) पुत्र बंशी लाल का शव मिला।




राजकुमार | विकास | अजय | विशाल

### 12 कर्मचारियों को हॉस्पिटल पहुंचाया

फैक्ट्री में हुए धमाके में 12 कर्मचारी झुलस गए थे। भर्ती मरीजों में सज्जन (40) पुत्र मानसिंह , नवीन कुमार (38) पुत्र हरि सिंह, शैलेश कुमार (30) पुत्र शेर सिंह, अवनेश कुमार (21) पुत्र नेम सिंह, रंजीत (23) पुत्र राकेश, शमशेर सिंह (36) पुत्र जयपाल पटेल, देव कुमार (28) पुत्र राम शंकर और दुर्गा पांडे (29) पुत्र शंभू नाथ पांडे को भर्ती कराया गया था। सभी को छुट्टी दे दी गई है। अन्य 4 कर्मचारियों को भिवाड़ी के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पा रही है

# मानहानि केस में सुल्तानपुर कोर्ट में 2 जुलाई को पेश होंगे राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह हेट स्पीच केस में 2 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया है। बुधवार को सुनवाई के दौरान जज ने राहुल के वकील से पूछा कि वे कहां हैं? वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि लोकसभा में स्पीकर पद का चुनाव है। इसलिए वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने राहुल को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है।

8 मई 2018 को बेंगलुरु में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह को हत्या का आरोपी कहा था। इसी के खिलाफ सुल्तानपुर के भाजपा नेता ने मानहानि का केस दर्ज कराया था। इससे पहले इसी साल राहुल गांधी 20 फरवरी को कोर्ट में पेश हुए थे। केस 5 साल से चल रहा है। दिसंबर 2023 में राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल ने 20 फरवरी 2024 को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचकर सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी थी। इसके बाद पहली तारीख 2 मार्च को लगी थी। इसके बाद 13 मार्च, 22 मार्च, 2 अप्रैल, 12 अप्रैल, 22 अप्रैल, 2 मई, 14 मई, 27 मई, 7 जून, 18 जून और 26 जून। लेकिन राहुल नहीं पहुंचे। उनकी ओर से उनके वकील काशी शुक्ला हाजिरी माफी की अर्जी दे रहे हैं। कोर्ट में राहुल के बयान दर्ज होने हैं।

### राहुल के खिलाफ दो धाराएं, दो साल की सजा का प्रावधान

राहुल गांधी पर इस मामले में धारा 499 और 500 में केस दर्ज है। धारा 499 के मुताबिक किसी के बारे में झूठी अफवाहें फैलाना, टिप्पणी करना, उसकी मानहानि करना वहीं धारा 500 में मानहानि के लिए दंड का प्रावधान है। इस मामले में दो साल तक की जेल हो सकती है।

# ईवीएम को नुकसान पहुंचाने वाले वाईएसआरसीपी नेता को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नारासाराओपेटा ।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता पी रामकृष्ण रेड्डी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उच्च न्यायालय ने तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के एक पोलिंग एजेंट पर कथित हमले के मामले में रेड्डी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पोलिंग एजेंट ने ईवीएम तोड़ने को लेकर रेड्डी से सवाल पूछे थे। माचेरला से पूर्व विधायक रामकृष्ण रेड्डी 13 मई को मतदान वाले दिन निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 202 में घुस गए और ईवीएम को फर्श पर पटक दिया। इस दौरान मतदान केंद्र पर विरोधी दलों के नेताओं के साथ उनकी कथित तौर पर कहासुनी भी हुई। जब तेदेपा कार्यकर्ता ने रेड्डी से सवाल किया तो उन्होंने कथित तौर पर कार्यकर्ता को धमकाया और बाद में अपने समर्थकों को विरोधी दल के कार्यकर्ता के खिलाफ भड़काया। रेड्डी के समर्थकों ने डंडों, छड़ों और चाकुओं से एजेंट पर कथित रूप से हमला किया था। ईवीएम तोड़ने की यह घटना निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए वेब कैमरों में कैद हो गई, जिसके बाद फुटेज और दस्तावेजी सबूतों के साथ रेड्डी की पहचान की गई।

# नीट पेपर लीक आरोपी चिंटू और मुकेश सीबीआई रिमांड पर

## कोलकाता में मेडिकल सीट दिलाने के लिए वसूले गए 12 लाख

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पटना की विशेष सीबीआई अदालत ने नीट पेपर लीक मामले के आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को 3 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। बिहार पुलिस की जांच के मुताबिक, चिंटू को मोबाइल पर क्वेश्चन पेपर मिले थे। चिंटू के कहने पर उसके साथी पिंटू ने क्वेश्चन पेपर की फोटोकॉपी कराकर 20-25 स्टूडेंट्स को रटने के लिए दी थीं। वहीं, कोलकाता में नीट त्न एग्जाम में मेरिट लिस्ट में पैसों के बदले किसी कैंडिडेट का नाम जोड़ने का मामला सामने आया है। आरोपी ने स्टूडेंट के पेरेंट्स से मेरिट लिस्ट में नाम जोड़ने और कॉलेज में मेडिकल सीट देने के लिए 5 से 12 लाख रुपए तक की रकम वसूली है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने आरोपी को 25 जून को देर रात गिरफ्तार किया।

### हजारीबाग में बैंक ले जाते समय टूटी क्वेश्चन पेपर की चेन ऑफ कस्टडी

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की जांच जारी है। बिहार ईओयू की रिपोर्ट के मुताबिक झारखंड के हजारीबाग में क्वेश्चन पेपर के बॉक्स के रखरखाव और रिसीविंग में लापरवाही हुई है। क्वेश्चन पेपर्स को 3 मई को एनटीए ने अपने अधिकारी की मौजूदगी में दिल्ली से रांची फ्लाइट के जरिए भेजा। रांची एयरपोर्ट पर एनटीए कर्मचारी ने क्वेश्चन पेपर्स वाले बॉक्स को कूरियर कंपनी को सौंपा। यहां से कंपनी के ट्रक में इन बॉक्सों को कूरियर ऑफिस ले जाया गया। ट्रक से उतारे गए इन बॉक्सों को कंपनी के ऑफिस के बाहर ही रखा छोड़ा गया था। इसके बाद ई-रिक्शा के जरिए इन क्वेश्चन पेपर्स वाले बॉक्स को एसबीआई की ब्रांच भेजा गया।



# मुख्यमंत्री शर्मा ने केन्द्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की

## प्रदेश में बेहतर रेल कनेक्टिविटी, रेलवे परियोजनाओं के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर की विस्तृत चर्चा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं, सम्पर्क सुविधाओं व रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के विस्तार, आरओबी-आरयूबी निर्माण, रेल लाइनों के दोहरीकरण एवं रेलवे के आधारभूत ढांचों के विकास कार्यों की सौगात पर आभार व्यक्त किया। साथ ही, इन परियोजनाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह भी किया।

# एनआईए ने गोल्डी बराड़, उसके सहयोगी की गिरफ्तारी पर इनाम रखा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बुधवार को चंडीगढ़ में जबरन वसूली और गोलीबारी मामले में वांछित एवं कनाडा में रह रहे आतंकवादी गोल्डी बराड़ तथा एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना साझा करने वाले व्यक्तियों को 10-10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की।

जांच एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों आरोपी इस साल आठ मार्च को जबरन वसूली के लिए एक व्यापारी के घर पर गोलीबारी करने के मामले में वांछित हैं। इसमें कहा गया कि पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब शहर के आदेश नगर निवासी शमशेर सिंह के पुत्र सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और पंजाब के ही राजपुरा स्थित बाबा दीप सिंह कालोनी निवासी सुखजिंदर सिंह के पुत्र गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों उर्फ गोल्डी राजपुरा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (निरोधक) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )